दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 218
कोटद्वार सोमवार
12 दिसम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

भारत में ट्विटर हुआ ठप, यूजर्स को आ रही है परेशानी

नई दिल्ली, एजेंसी। माइक्रोब्लागिंग साइट ट्विटर रविवार शाम सात बजे के करीब ठप हो गया। ठप होने के बाद इसके यूजर्स को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यूजर्स को ट्वीट लोड होने में समस्या आ रही है। डाउनडिटेक्टर ने ट्विटर के भारत में शाम सात बजे के करीब 2754 आउटेज की सूचन दी।

नारसन बॉर्डर पर वाहन टकराए, दस घायल

रुड़की। शनिवार रात नारसन बर्डर पर यूपी क्षेत्र में जबरदस्त सड़क दुर्घटना हुई। जिसमें चार वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। 10 से ज्यादा लोगों को गंभीर चोटें आई। जिन्हें इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार देहरादून के ग्रामीण डिपो की बस दिल्ली की तरफ से तेज गति से आ रही थी। तभी उसकी बर्डर बाईपास पर ढाबे के पास खड़े एक केंटर के पीटे से जोरदार टक्कर हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टक्कर लगने के बाद केंटर ने आगे जा रही है एक छोटी टूरिस्ट बस को टक्कर मारी। टूरिस्ट बस ने एक कार को टक्कर मारी। जिसके बाद व कार व केंटर दोनों वाहन पलट गए। परिवहन निगम की बस भी खाई में जा गिरी। दुर्घटना होते ही आसपास के ढाबों पर खड़े लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुरकाजी पुलिस ने 108 के माध्यम से घायलों को जिला अस्पताल मुजफ्फरनगर भिजवाया। बताया गया है कि दुर्घटना में 10 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। सड़क दुर्घटना के बाद कुछ देर के लिए हाईवे पर यातायात भी बाधित रहा। घटना शनिवार रात करीब ग्यारह बजे के आसपास की बताई गई है।

15 फरवरी से शुरु होंगी सीबीएसई 10वीं-12वीं की परीक्षाएं, जनवरी में होगें प्रैक्टिकल

नई दिल्ली ,एजेंसी। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षा 15 फरवरी से शुरू होगी। बोर्ड ने परीक्षा शुरू होने की तारीख तो बताई है लेकिन अभी आधिकारिक तौर पर परीक्षाओं की डेटशीट जारी नहीं की है। बोर्ड का कहना है कि जल्द ही दसवीं और बारहवीं कक्षा के लिए विषयवार डेटशीट जारी की जाएगी। इसके साथ ही सीबीएसई बोर्ड ने यह भी स्पष्ट किया है कि जनवरी माह से 10वीं एवं 12वीं के प्रैक्टिकल शुरू कर दिए जाएंगे। सीबीएसई बोर्ड ने प्रैक्टिकल को लेकर एक आधिकारिक नोटिस जारी कर दिया है। सीबीएसई के नोटिस के मुताबिक प्रैक्टिकल, 1 जनवरी 2023 से शुरू होगें। प्रैक्टिकल की अधिक जानकारी के लिए छात्र सीबीएसई की वेबसाइट पर जा सकते हैं। बोर्ड ने अपने नोटिस में कहा है कि वार्षिक प्रैक्टिकल परीक्षाएं, इंटरनल असेसमेंट, प्रोजेक्ट असेसमेंट 1 जनवरी 2023 से शुरू होने हैं।वहीं आईसीएसई बोर्ड की बात करें तो कक्षा 10 के लिए इसकी परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू होने जा रही हैं। वहीं आईसीएसई कक्षा 12वीं की परीक्षाएं 13 फरवरी से शुरू होंगी।सीबीएसई बोर्ड ने छात्रों के साथ साथ देश भर में फैले अपने स्कूलों को भी दिशानिर्देश जारी किए हैं। बोर्ड द्वारा जारी निर्देश के मुताबिक छात्रों को प्रैक्टिकल के शेड्यूल के मुताबिक स्कूलों में उपस्थित होना होगा। सीबीएसई बोर्ड के मुताबिक प्रैक्टिकल में अनुपस्थित रहने वाले छात्रों को प्रैक्टिकल देने का दूसरा अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा। ऐसे में यह जरूरी है कि छात्र तय तिथि पर प्रैक्टिकल्स में शामिल हो। सभी छात्रों को उनके स्कूलों द्वारा प्रैक्टिकल की तारीख और प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी जाएगी।

पीएम ने गोवा में मोपा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का किया उद्घाटन

देश में हवाई संपर्क को मिलेगा बढ़ावा

गोवा, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को गोवा में मोपा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन किया। इस इंटरनेशनल एयरपोर्ट की आधारशिला नवंबर 2016 में उनके ही द्वारा रखी गई थी। मालूम हो कि डाबोलिम के बाद यह गोवा का दूसरा हवाई अड्डा है। इंडिगो और गोफर्स्ट जैसी कई एयरलाइंस पहले ही जनवरी से नए हवाई अड्डे से 200 से ज्यादा उड़ानें शुरू करने की योजना की घोषणा कर चुकी हैं। पीएम मोदी के साथ इस दौरान गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत और केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मौजूद रहे।

लगभग 2,870 करोड़ रुपये की लागत से विकसित यह हवाईअड्डा टिकाऊ बुनियादी ढांचे को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। बता दें कि नया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा गोवा के उत्तरी भाग में स्थित है जो गोवा की राजधानी पणजी से लगभग 35 किमी दूर है। मोपा गांव में एक ग्रीनफील्ड हवाई अड्डा स्थापित करने के लिए गोवा सरकार को प्रमुख स्वीकृति केंद्र द्वारा मार्च 2000 में प्रदान की गई थी।

हवाई अड्डे के चालू हो जाने से राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने और पर्यटन उद्योग की जरूरतों को पूरा करने की उम्मीद है। इसमें कई घरेलू और अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों को सीधे जोड़ने वाले प्रमुख लजिस्टिक हब के रूप में सेवा देने की क्षमता है।

इस हवाई अड्डे के लिए मल्टी-मोडल कनेक्टिविटी की भी योजना है। विश्वस्तरीय हवाईअड्डा होने के नाते, यह लोगों को गोवा घूमने का भी मौका प्रदान करेगा। गोवा में इस नए एयरपोर्ट के साथ ही गोवा के पुराने एयरपोर्ट के बंद होने की अफवाहें भी उड़ी थीं। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने हालांकि साफ कर दिया है कि नए एयरपोर्ट की वजह से गोवा के पुराने एयरपोर्ट को बंद नहीं किया जाएगा।

गोवा में मौजूदा हवाई अड्डा एक सिविल एन्क्लेव और भारतीय नौसेना से संबंधित एक रक्षा हवाई अड्डा है, जिसके लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) द्वारा एक टर्मिनल भवन का रखरखाव किया जाता है। बता दें कि सिविल एंक्लेव एक ऐसा हवाई अड्डा है जिसका उपयोग सैन्य उड्डयन और नागरिक उड्डयन दोनों के लिए किया जाता है।

खाई में गिरा बोलेरो वाहन, छह घायल

राष्ट्रीय राजमार्ग दुगड्डा- गुमखाल के मध्य देवीखाल के समीप हुआ हादसा

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः नजीबाबाद-बुआखाल राष्ट्रीय राजमार्ग दुगड्डा-गुमखाल के मध्य देवीखाल के समीप एक बोलरो वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। दुर्घटना में चालक समेत छह लोग घायल हो गए। घायलों को 108 की मदद से राजकीय बेस चिकित्सालय कोटद्वार पहुंचाया गया।

रविवार सुबह दिल्ली से सवारी लेकर एक बोलेरो वाहन पाबौ जा रहा था। इसी दौरान देवीखाल के समीप वाहन खाई में गिर गया। राष्ट्रीय राजमार्ग से गुजर रहे अन्य वाहन चालकों ने घटना की जानकारी पुलिस व प्रशासन को दी। जिसके बाद गुमखाल व दुगड्डा से पुलिस टीमें मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने रेस्क्यू अभियान चलाते हुए सभी घायलों को खाई से बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। उपनिरीक्षक मुकेश भट्ट ने बताया कि घायलों की पहचान ग्राम खोलिधार, पोस्ट आफिर चपलोड़ी निवासी सते सिंह पुत्र स्व.कुंवर सिंह, पंकज सिंह पुत्र भान सिंह, करण सिंह पुत्र बचन सिंह, चौराठी नौठा निवासी राजेश्वरी नेगी पत्नी सुरेंद्र सिंह नेगी, सुरेंद्र सिंह पुत्र स्व.प्रेम सिंह, व सुरेंद्र सिंह के रूप में हुई है। वाहन चालक सते सिंह दिल्ली- पाबौ के मध्य बोलरो चलाता है। बताया कि अन्य दिनों की भांति वह आज भी दिल्ली से सवारी लेकर आ रहा था। दुर्घटना का कारण चालक को नींद की झपकी आना बताया जा रहा है।

सरकार की पीआरडी जवानों को बड़ी सौगात, 30 प्रतिशत होंगी महिलाएं

मंत्री रेखा आर्य ने की घोषणा

देहरादून। सरकार ने पीआरडी जवानों को बड़ी सौगात दी है। अब पीआरडी में 30 प्रतिशत महिलाएं होंगी। प्रांतीय रक्षक दल के प्रांतीय मुख्यालय में पहली बार मनाए गए स्थापना दिवस कार्यक्रम में विभागीय मंत्री रेखा आर्य ने इसकी घोषणा की। उन्होंने कहा कि सरकार मृतक आश्रितों को नौकरी और आर्थिक सहायता देगी, जबकि करपस फंड को 50 लाख से बढ़ाकर 10 करोड़ रुपये किया जाएगा।

आयु 50 साल से बढ़ाकर 60 साल करने के साथ ही कोविडकाल में ड्यूटी करने वालों को छह हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। वहीं, महिला पीआरडी जवानों को मातृत्व अवकाश दिया जाएगा। प्रांतीय रक्षक दल के प्रांतीय मुख्यालय में विभागीय मंत्री रेखा आर्य ने कहा कि पीआरडी जवानों का मानदेय बढ़ाया जाएगा। कहा कि अगले स्थापना दिवस तक मृतक आश्रितों के लिए नौकरी की व्यवस्था कर दी जाएगी। कहा कि पीआरडी जवानों को तीन सौ दिन का रोजगार मिलेगा। कैबिनेट में भी यह प्रस्ताव आ चुका है। 9,300 जवानों को आने वाले दिनों में यह रोजगार मिलेगा। विभागीय मंत्री ने कहा कि पीआरडी स्वयं सेवकों की अधिवर्षता आयु पर सहमति बन चुकी है। जल्द इस पर उचित निर्णय ले लिया जाएगा। महिला पीआरडी जवानों की संख्या 9,300 में से मात्र 600 है, जो बहुत कम है। सरकार ने महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण दिया है। आने वाले समय में पीआरडी में कम से कम 30 प्रतिशत महिलाएं होंगी। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्य ने पीआरडी का लोगो और झंडा जारी किया। कहा कि पीआरडी की स्थापना के 74 साल हो चुके हैं, लेकिन राज्य गठन के बाद पहली बार उसका स्थापना दिवस मनाया गया।

ईश्वर में आस्था रखने वाले का जीवन है सफलः बालकृष्ण

श्री सिद्धबली बाबा महोत्सव में बोले पतंजलि योगपीठ के संस्थापक, स्वस्थ जीवन जीने के लिए योग व प्राणायाम को अपनाने की अपील

जयन्त प्रतिनिधि

कोटद्वारः पतंजलि योगपीठ के संस्थापक आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि ईश्वर की भक्त हमें उर्जा प्रदान करती है। इसलिए ईश्वर में आस्था रखने वाले व्यक्ति का जीवन सफल है। हमें बुराईयों से दूर रहकर बेहतर समाज निर्माण में अपना योगदान देना चाहिए। इस दौरान उन्होंने लोगों निरोग काया पाने के लिए जीवन में योग व प्राणायाम को अपनाने की अपील की।

श्री सिद्धबली महोत्सव के तीसरे दिन के कार्यक्रम का शुभारंभ पतंजलि योगपीठ के संस्थापक आचार्य बाल कृष्ण, लैंसडौन विधायक दिलीप रावत ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। आचार्य बालकृष्ण ने कहा कि भगवान का दास कभी भी उदास नहीं होता। अपने धर्म व ईश्वर के प्रति आस्था रहने वाले भक्त का जीवन सफल होता है। कहा कि हमें सेवा का भाव भगवान हनुमान से सीखना चाहिए, जिन्होंने अपना पूरा जीवन भगवान राम व माता सीता की सेवा में समर्पित कर दिया था। बालकृष्ण ने कहा कि उत्तराखंड में देवता निवास करते हैं। इस दिव्यता का अनुभव बाबा श्री सिद्धबली के धाम पर आकर महसूस किया जा सकता है। ईश्वर की शक्तियां हमें ऊर्जा प्रदान करती हैं। जिससे हम अपनी संस्कृति व अपने लोगों से जुड़े रहते हैं। कहा कि आज हमारी हिंदू संस्कृति दीन-हीन हो गई है। हमें अपनी संस्कृति को संभावक बनाना होगा। उन्होंने आमजन को योग व प्राणायाम के प्रति भी जागरूक किया। कहा कि हमें निरोग काया के लिए हर रोज सूर्योदय से पूर्व उठकर योगाभ्यास करना चाहिए। इस मौके पर इस मौके पर श्री सिद्धबली मंदिर समिति के अध्यक्ष डा.जेपी ध्यानी, मेला संयोजक अनिल कंसल, महोत्सव समिति के अध्यक्ष जीत सिंह पटवाल आदि मौजूद रहे।

श्री सिद्धबली महोत्सव कार्यक्रम में दीप प्रज्वलित करते आचार्य बालकृष्ण व अन्य

मुख्यमंत्री धामी ने किया हरिद्वार स्थित जीवनदीप आश्रम में जीवनदीप एकेडमी गुरुकुलम विद्यालय के वार्षिक उत्सव में प्रतिभाग

देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होना गर्व का विषयः सीएम

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को नन्द विहार, रुड़की, हरिद्वार स्थिति जीवनदीप आश्रम में जीवनदीप एकेडमी गुरुकुलम विद्यालय के वार्षिक उत्सव में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री धामी ने बाल गुरुकुलम का उद्घाटन किया एवं सिद्धाबली हनुमान कुश्ती अखाड़ा के कुश्ती पहलवानों से वार्ता कर उनका हौसला अफजाई किया। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों एवं खेल के क्षेत्र में उत्ष्ट कार्य करने वाले छात्रों को सम्मानित भी किया। मुख्यमंत्री धामी ने नगर निगम के स्वच्छता कर्मियों को जैकेट वितरित की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जीवनदीप आश्रम, नन्द विहार से मुख्य मार्ग तक सड़क निर्माण कार्य किए जाने एवं जीवनदीप एकेडमी गुरुकुलम विद्यालय परिसर में हल बनाए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने जीवनदीप आश्रम स्थित मंदिर में पूजा अर्चना कर प्रदेश में खुशहाली कि कामना की।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि गुरुकुल आकर यहां छात्र-छात्राओं से मुलाकात करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा शिक्षक किसी भी विद्यार्थी के जीवन को प्रकाश एवं उन्नति से आलोकित करने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम हैं। उनके मार्गदर्शन में एक विद्यार्थी अंक से पूर्णांक बनता है। स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि जी महाराज के मार्गदर्शन में जीवनदीप आश्रम अनेकों वर्षों से सामाजिक, सांस्तिक एवं आध्यात्मिक क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य कर रहा है। जिस प्रकार आश्रम द्वारा सुबह-शाम जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क भोजन कराने का कार्य किया जाता है, वह प्रेरणास्पद कार्य है, साथ ही गुरुकुलम् के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को निःशुल्क शिक्षा देने का पुण्य काम भी किया जाता है। उन्होंने कहा स्वामी यतीन्द्रानंद गिरि जी महाराज जैसे पूज्य संत के मार्गदर्शन में जब गुरूकुलम् के विद्यार्थी जीवन के अन्य क्षेत्रों में जाएंगे तो वे निश्चित रूप से समाज को समृद्ध बनाने की दिशा में कार्य करेंगे। उन्होंने कहा हमारा देश भारत वर्ष प्राचीन काल से ही विश्व गुरू रहा है और आज का भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में पुनः विश्व में अपने उसी स्थान को प्राप्त करने के लिए पूरी शक्ति के साथ हर क्षेत्र में विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री जी के कुशल नेतृत्व में देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की गई है। यह हमारे लिए गर्व का विषय है कि राज्य में इस नीति को लागू कर दिया गया है। राज्य सरकार भी उत्तराखण्ड के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा नई शिक्षा नीति से स्कूली शिक्षा और उच्च शिक्षा दोनों को नए आयाम प्राप्त होंगे। इससे सभी वर्ग के लोगों को समानता के आधार पर शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे तथा स्कूल स्तर पर युवाओं के कौशल विकास में सहायता प्राप्त होगी। नई शिक्षा नीति से शोध एवम अनुसंधान को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में आज युवाओं के भविष्य को समृद्ध बनाने के लिए एक विशेष रोड मैप तैयार किया गया है। उस रोड मैप के अनुसार ही राज्य सरकार भी उत्तराखण्ड के युवाओं को प्रत्येक स्तर पर उनके सपने साकार करने में सहायता प्रदान करने का हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा मुख्यमंत्री बालश्रय योजना के माध्यम से राज्य सरकार अनाथ बच्चों को निःशुल्क स्कूली शिक्षा प्रदान करने का काम कर रही है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आने वाले समय में रूड़की और दिल्ली की दूरी कम होगी। देहरादून से दिल्ली की दूरी महज दो घंटे में पूरी कर ली जाएगी, वही जनपद हरिद्वार में मेडिकल कलेज बन रहा है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ळ-20 देशों की अध्यक्षता करने जा रहा है। ळ-20 देशों के साथ ही अन्य 9 देशों एवं विश्व की कई बड़ी संस्थान अगले साल भारत में आकर यहां की संभावनाओं को खोजेंगे। उन्होंने कहा ळ -20 से दो दल उत्तराखंड राज्य में भी आएंगे इस दौरान यहां कई बैठकों का आयोजन किया जाएगा। जिसमे उत्तराखंड के विकास को लेकर चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वर्ष 2025 तक उत्तराखण्ड को देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बनाने के लिए संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है।

इस दौरान महामंडलेश्वर योगी यतींद्रानंद गिरी जी, पुरुषोत्तम अग्रवाल, विधायक प्रदीप बत्रा, भाजपा जिला अध्यक्ष शोभाराम प्रजापति, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, अतुल सिंह, राकेश बिंदल, ड. धर्मेंद्र भारद्वाज, मेयर गौरव गोयल, पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

बारात से लौट रही कार खाई में गिरी, चालक की मौत

अल्मोड़ा। बारात से लौट रही एक कार चौखुटिया के घुघोली के पास बसभीड़ा में अनियंत्रित होकर गहरी खाई में समा गई। हादसे में वाहन मालिक की मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम है। शनिवार को ब्लक के मिरेई (ग्राम पंचायत आखोड़िया नौगांव) से लूणियां (ग्वाली) बारात लेकर पहुंचे वाहन मालिक 45 वर्षीय दिनेश दुर्गापाल रात करीब साढ़े नौ बजे वापस घर लौट रहे थे। लेकिन इसी बीच घुघोली के पास बसभीड़ा पर किसी अन्य वाहन को पास देने के चक्कर में संतुलन बिगड़ने से उनकी आर्टिका यूके 04 डीबी 1919 करीब 40 मीटर गहरी खाई में गिर गई। कार में स्वयं मालिक चालक मौजूद था। इसी बीच चौखुटिया से बसभीड़ा को ड्यूटी कर वापस आ रहे होमगार्ड दीपक किरोला ने गाड़ी गिरी देखकर शीघ्र पुलिस प्रशासन को सूचना दी। थाने से थानाध्यक्ष दिनेश नाथ महंत के साथ पहुंची पुलिस टीम ने कार चालक दिनेश दुर्गापाल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

राज्यपाल ने किया केंद्रीय सूचना आयुक्त उदय माहुरकर द्वारा लिखी गई पुस्तक वीर सावरकर का विमोचन



देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने राजभवन प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम में केंद्रीय सूचना आयुक्त उदय माहुरकर द्वारा लिखी गई पुस्तक वीर सावरकर का विमोचन किया। इस दौरान राज्यपाल ने कहा कि वीर सावरकर ने देश के लिए कई यातनाऐं सही इस पुस्तक के माध्यम से उनके विचारों को जीवित किया गया है।

राज्यपाल ने कहा कि अंग्रेजों ने विखंडन की नीति से काम किया लेकिन वीर सावरकर अखण्ड भारत की संकल्पना को साकार करना चाहते थे। राज्यपाल ने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा के एकता जरूरी है।

उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में कई तथ्य ऐसे हैं जिन्हें हमें जानने नहीं दिया गया है, लेकिन आज हम आजाद भारत में हैं इसलिए हमें हमारे पूर्वजों के बारे में जानने की जिज्ञासा होनी चाहिए।राज्यपाल ने कहा कि प्रत्येक देशवासी को अपनी जड़ों को पहचानना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज देश तेजी से विकसित हो रहा है। आज़ादी के अमृत काल में जब हमारा देश 100 साल पूरे करेगा। हम विकसित राष्ट्र होने के साथ ही विश्व गुरु के रूप में दुनिया भर में सबसे शिखर पर होंगे। इस दौरान पुस्तक के लेखक व केंद्रीय सूचना आयुक्त उदय माहुरकर ने पुस्तक का संक्षिप्त सार प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, कार्यक्रम समन्वयक कर्नल राजीव रावत (से.नि.) समेत अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

गोल्डन एरो एफसी ने जीता दून सॉकर कप का फाइनल

देहरादून। देवभूमि स्पोर्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन सोसाइटी की ओर से आयोजित द्वितीय कर्नल आरसी शर्मा मेमोरियल दून सॉकर कप–2022 में गोल्डन एरो एफसी के नाम रहा। अनूप ससी को मैन ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। पवेलियन मैदान में चल रहे टूर्नामेंट में रविवार को सिटी यंग्स और गोल्डन एरो एफसी के बीच खेला फाइनल हुआ।

निर्धारित समय तक स्कोर 0–0 रहा। लिहाजा, निर्णय के लिए टाईब्रेकर का सहारा लिया गया। इसमें गोल्डन एरो एफसी ने 5–4 से बाजी मारते खिताब अपने नाम कर लिया।

गोल्डन एरो एफसी के श्याम क्षेत्री को मैन ऑफ द मैच चुना गया। मुख्य अतिथि सीएयू के सचिव महिम वर्मा और विशिष्ट अतिथि भाजयुमो को प्रदेश सह मीडिया प्रभारी नीरज पंत ने विजेता टीम को प्रोत्साहन राशि और ट्रॉफी प्रदान की। मौके पर पुष्कर गुसाईं, अभिषेक पुंडीर, दीपक रावत, अजय तिवारी, डॉ. एससी नेगी, नीरज गुप्ता, सुमित डोभाल, डीएस बिष्ट, देवेंद्र नेगी आदि मौजूद रहे।

सम्मान समारोह आयोजित किया

देहरादून। उत्तराखंड सेवानिवृत्त मशयमिक शिक्षक संघ की ओर से रविवार को हिन्दू नेशनल इंटर कॉलेज में सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें शिक्षक संघ द्वारा 75 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके सदस्यों को शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व प्रधानाचार्या महादेवी कन्या पाठ-शाला इंटर कॉलेज देहरादून स्वदेश अग्रवाल व विशिष्ट अतिथि के रूप में संरक्षक राजकुमार गोयल ने शिरकत की। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि ने दीप प्रज्जवलन कर व मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने व संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार बहुगुणा ने सम्मानित होने वाले समस्त शिक्षकों को बधाई दी। मंच से कई सदस्यों ने अपना अनुभव साझा किया।

शक्ति नहर किनारे सुरक्षात्मक कार्य सिर्फ दिखावा : मंच

विकासनगर। शक्ति नहर के किनारे रेलिंग और जाली लगाने के कार्य में अनियमितता की शिकायत करते हुए भारत संवैधानिक अधिकार संरक्षण मंच ने डाकपत्थर बैराज पर प्रदर्शन किया।

रविवार दोपहर डाकपत्थर बैराज पहुंचे मंच के कार्यकर्ताओं ने कहा कि शक्ति नहर किनारे किए जाने वाले सुरक्षात्मक कार्य सिर्फ दिखावा हैं। मंच के राष्ट्रीय संयोजक दौलत कुंवर ने कहा कि भारत सरकार की ओर से आबादी क्षेत्र में परियोजना के लिए बनी नहरों और बैराज झील के किनारों पर दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पंद्रह फिट ऊंची रेलिंग के साथ ही जाली लगाए जाने का प्रावधान किया गया है। लेकिन प्रदेश सरकार पछुवादून में शक्ति नहर किनारे केंद्र सरकार के प्रावधानों के अनुरूप सुरक्षात्मक कार्य नहीं कर रही है। यहां नाम मात्र के लिए जाली लगाई जा रही है। इतना ही नहीं जल विद्युत निगम अधिकारी खुद कह रहे हैं कि मात्र सौ मीटर के दायरे में सुरक्षात्मक कार्य होंगे। जबकि डाकपत्थर से लेकर कुल्हाल तक शक्ति नहर किनारे नौ सौ परिवार निवास करते हैं। बीते साठ वर्षों में शक्ति नहर में डूबने से सैकड़ों लोग अपनी जान गंवा चुके है। हाल ही में विकासनगर के एक चिकित्सक समेत नावघाट पुल निर्माण में लगी एजेंसी के दो कर्मचारियों की मौत भी शक्ति नहर में डूबने से हुई थी। इसके बाद मंच की ओर से जल विद्युत निगम के महाप्रबंधक के खिलाफ कोतवाली में तहरीर दी गई, जिसके बाद नींद से जागे जल विद्युत निगम अधिकारियों ने नहर किनारे सुरक्षात्मक कार्य करने शुरू किए। लेकिन यह कार्य भी सिर्फ दिखावा है, जिससे जन आक्रोश को शांत करने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि शक्ति नहर किनारे बसे परिवारों को मालिकाना हक दिलाने और नहर पर सुरक्षात्मक कार्य कराने की मांग को लेकर जब से आंदोलन शुरू किया गया तब से उन्हें धमकी भी दी जाने लगी है। कार्यकर्ताओं ने सुरक्षात्मक कार्य मानक के अनुरूप करने की मांग सरकार से की है। प्रदर्शन करने वालों में स्वराज चौहान, सुमेर चंद धीमान, आसिफ मिर्जा, कमलेश गोयल, गणेश रावत, अमित रावत, गुलशन नाथ, जैतून, ममता, आशा देवी, बहादुर सिंह, उमा देवी, बल बहादुर, सीता देवी, गीता देवी, जाति राम, ओमप्रकाश, महावीर सिंह, शंकर सिंह, मुरारी लाल, शांति देवी, सुनीता देवी आदि शामिल रहे।

छात्र संघ चुनाव को लेकर छात्र संगठन हुए सक्रिय

विकासनगर। प्रदेश सरकार की ओर से छात्र संघ चुनाव तिथि घोषित किए जाने के बाद पीजी कॉलेज डाकपत्थर के छात्र संगठन भी चुनाव तैयारियों को लेकर सक्रिय हो गए हैं। छात्र संगठनों की ओर से बैठकों का दौर शुरू हो गया है। इन बैठकों में चुनाव संचालन समितियों के गठन से लेकर प्रत्याशी चयन पर मंथन किया जा रहा है। रविवार को आर्यन छात्र संगठन ने विकासनगर स्थित कार्यालय में बैठक कर छात्र संघ चुनाव की तैयारियों को लेकर मंथन किया। संगठन की ओर से पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष अरविंद चौहान को चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया। चुनाव प्रभारी ने कहा कि बीते दो साल से चुनाव नहीं होने के कारण इस बार स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र–छात्राएं भी पहली बार मतदान करेंगे।

एक नजर

छात्र संघ चुनाव के लिए एबीवीपी ने घोषित किए प्रत्याशी

उत्तरकाशी। राजकीय महाविद्यालय बड़कोट के छात्र संघ चुनाव के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अध्यक्ष पद सहित अन्य पदों के लिए अपने प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं तथा छात्र संघ चुनाव में प्रत्याशियों की जीत पक्की करने के लिए कमर कस ली है। रविवार को नगर पालिका सभागार में संपन्न हुई अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक में छात्र संघ चुनाव के लिए प्रत्याशियों के नामों पर चर्चा हुई तथा आगामी 24 दिसंबर को होने जा रहे छात्रसंघ चुनाव में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने अपने अधिकृत प्रत्याशी घोषित कर एबीपीपी नगर मंत्री अंजली पंवार ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए प्रफुल जयाड़ा, उपाध्यक्ष पद के लिए निर्देश चौहान, महासचिव पद के लिए अंकिता चौहान, कोषाध्यक्ष पद के लिए सुरेंद्र तथा विश्वविद्यालय प्रतिनिधि पद के लिए मिलन चौहान के नाम की एबीवीपी के अधिकृत प्रत्याशी के रूप में घोषणा की। इस मौके पर विभाग संगठन मंत्री टिहरी प्रवीन असवाल, प्रदेश सह मीडिया प्रमुख तरवीन राणा, जिला संयोजक राकेश नेगी,जिला सह संयोजक नितिन चौहान, नगर मंत्री अंजली चौहान आदि मौजूद रहे।

स्पोर्ट्स कॉलेज, पारस स्कूल बने फुटबॉल चैंपियन

देहरादून। स्पोर्ट्स फॉर ऑल (एसएफए) चैंपियनशिप के अंडर–12 फुटबॉल का फाइनल महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज ने जीता।

अंडर–10 का खिताबी मुकाबला पारस पब्लिक स्कूल ऋषिकेश के नाम रहा। महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में रविवार को अंडर–10 वर्ग का फाइनल पारस पब्लिक स्कूल और दून वर्ल्ड स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें पारस स्कूल ने 4–0 से जीत दर्ज की। इस दौरान युवराज ने दो गोल किए जबकि श्रेयांश और सक्षम ने एक–एक गोल दागा। अंडर–12 वर्ग के फाइनल में महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज ने केवी अपर कैंप को 1–0 के शिकस्त दी। साहिल ने टीम के लिए विजयी गोल किया।

रैली से बाजार में लगा दो घंटे तक जाम

विकासनगर। मुख्य बाजार में रैली के दौरान करीब दो घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। डाकपत्थर तिराहे से लेकर बाबूगढ़ चुंगी तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। ट्रैफिक वनवे होने के कारण बड़े यात्री वाहन आड़े तिरछे फंस गए।

इस दौरान पुलिस के जवान भी रैली की सुरक्षा में लगे रहे, जिससे वाहन चालकों ने किसी तरह कड़ी मशक्कत के बाद यातायात सुचारू किया। आशा राम वैदिक इंटर कॉलेज से डाकपत्थर तिराहे तक का करीब डेढ़ किमी का दायरा तय करने में रैली ने दो घंटे का समय लगा। इस दौरान यातायात व्यवस्था पूरी तरह से लड़खड़ा गई। कालसी, डाकपत्थर की ओर से आने वाले वाहन और देहरादून, सहारनपुर की ओर से आ रहे वाहन एक ही मार्ग पर चलने से जाम की स्थिति पैदा हो गई। सबसे अधिक समस्या डाकपत्थर तिराहे पर हुई, जहां दोनों ओर से आने वाले वाहन फंस गए। एक बजे के करीब डाकपत्थर तिराहे पर लगे जाम के कारण बाबूगढ़ चुंगी तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। जाम के कारण राहगीरों को भी परेशानी झेलनी पड़ी। खासकर बुजुर्ग लोग सड़क पार करने के लिए कड़ी मशक्कत करते हुए देखे गए। उधर, शहर कोतवाल शंकर सिंह बिष्ट ने बताया कि रैली के कारण यातायात कुछ देर के लिए अव्यवस्थित हुआ था, लेकिन रैली के बाजार से निकलते ही यातायात को सुचारू कर दिया गया।

युवक के खिलाफ दुराचार और पॉक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज

विकासनगर। थाना चकराता क्षेत्र के अंतर्गत एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर दी। तहरीर में ग्रामीण ने बताया कि एक युवक ने उसकी नाबालिग बेटी को बहला फुसलाकर शादी का झांसा दिया। जिसके बाद आरोपी ने बेटी के साथ दुराचार किया है। थाना पुलिस ने मामले में आरोपी के खिलाफ दुराचार और पोक्सो ऐक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक ग्रामीण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी बेटी नाबालिग है और पूरी तरह से नासमझ है। आरोप है कि रोहित चौहान पुत्र मातबर सिंह, निवासी ग्राम सावड़ा ने उसकी बेटी को बहला फुसलाकर शादी का झांसा दिया।

विहिंप और बजरंग दल ने निकाली शौर्य रैली

विकासनगर। गीता जयंती के अवसर पर रविवार को विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शौर्य रैली निकाली। रैली में शामिल कार्यकर्ता जय श्रीराम का उद्घोष करते हुए भारत माता की तस्वीर के पीछे हाथों में भगवा ध्वज लिए हुए चल रहे थे। आशाराम वैदिक इंटर कॉलेज के प्रांगण से शुरू हुई रैली नगर के मुख्य बाजार से होते हुए डाकपत्थर तिराहे पहुंची, जहां से कैनाल रोड स्थित प्राचीन गणेश मंदिर में रैली का समापन हुआ। रैली में शामिल कार्यकर्ताओं ने हनुमान चालीसा का पाठ किया। आशा राम वैदिक इंटर कॉलेज के प्रांगण में विहिप और बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए विधायक मुन्ना चौहान ने कहा कि अपने गौरवशाली अतीत को भविष्य की पीढ़ी तक पहुंचाना वर्तमान पीढ़ी का दायित्व है। किसी भी राष्ट्र, धर्म और संस्कृति का गौरवशाली अतीत, शौर्य, पराक्रम उस धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के भविष्य की नींव होता है। ऐसे में हर पीढ़ी को इसकी जानकारी होनी चाहिए। कहा कि यह जानकारी ऐसे ही कार्यक्रमों के माध्यम से मिलती है। विधायक ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने सनातन धर्म और भारतीय होने पर गर्व महसूस होना चाहिए। सनातन धर्म के गौरवशाली अतीत ने ही विश्व को सभ्यता और संस्कृति का ज्ञान दिया। अभाविप के प्रांत सह मंत्री रणदीप पोखरियाल ने कहा कि धर्म की रक्षा के लिए भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया। धर्म और कर्म का ज्ञान मिलने के बाद ही अर्जुन ने शस्त्र उठाकर अधर्म और अत्याचार का विनाश किया। लिहाजा आज धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए प्रत्येक सनातनी को अर्जुन बनना होगा। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी तक गीता का उपदेश पहुंचाने और सनातन धर्म के वैभव की जानकारी देने के लिए शौर्य रैली निकाली गई है।

सडक हादसे में अज्ञात पर केस दर्ज

ऋषिकेश। अमित ग्राम में बस की टक्कर से स्कूटी सवार युवक की मौत के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

पुलिस ने युवक के पिता बिजेंद्र कुमार निवासी आईडीपीएल कॉलोनी, ऋषिकेश की शिकायत पर यह कार्रवाई की है।

15 दिन के भीतर एक ही जगह दो बार चोरी की वारदात

ऋषिकेश। बैराज कॉलोनी में एक सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान और उसी भवन में कंप्यूटर सेंटर में 15 दिन के भीतर दो बार चोरी की वारदात हुई। लेकिन पहली घटना पर पुलिस महज शिकायत लेकर जांच में जुटी रही। जबकि, दूसरी दफा फिर चोरों ने उसी दुकान और सेंटर को खंगाला, तो अब पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। दरअसल, 25 नवंबर को बैराज कॉलोनी में सरकारी सस्ते गल्ले की दुकान और कप्यूटर सेंटर से अज्ञात चोरों ने नगदी, लैपटॉप और अन्य कीमती सामान उड़ा लिया था। राजेंद्र प्रसाद तिवारी ने उसी दिन पुलिस को चोरी की लिखित शिकायत दी थी। तहरीर रिसीव कर पुलिस 14 दिन तक जांच में जुटी रही, लेकिन केस दर्ज नहीं किया। 15वें दिन यानी नौ दिसंबर को फिर दुकान और कंप्यूटर सेंटर को चोरों ने निशाना बनाते हुए सीपीयू और अन्य सामान साफ कर दिया, तो अब पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली पुलिस के मुताबिक वीरपुर खुर्द, ऋषिकेश निवासी उत्तम कुमार तिवारी की शिकायत पर 25 नवंबर और नौ दिसंबर को नगदी, लैपटॉप, बिजली की केबल व अन्य सामान चोरी होने का केस दर्ज किया गया है। एसएसआई दर्शन सिंह काला ने बताया कि अज्ञात चोरों की पहचान के लिए प्रयास जारी हैं।

छात्र की मौत पर जांच के आदेश

उत्तरकाशी। जिला मजिस्ट्रेट अभिषेक रुहेला ने बीते शनिवार को जिला अस्पताल उत्तरकाशी में छात्र की मौत का संज्ञान लिया है। उन्होंने उक्त मामले की मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं। जिला मजिस्ट्रेट ने उप जिलाधिकारी भटवाड़ी को जांच अधिकारी नामित किया है। जांच अधिकारी सभी पहलुओं की जांच कर रिपोर्ट जिला मजिस्ट्रेट को सौंपेंगे। बता दें कि जिला अस्पताल में भर्ती 19 वर्षीय छात्र मोहित कुमार की अचानक शनिवार सुबह मौत हो गई। गत शुक्रवार रात को छात्र को पेट में तेज दर्द की शिकायत पर एंबुलेंस की मदद से अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रात को आपातकालीन में ड्यूटी पर तैनात डॉक्टरों ने उसका उपचार किया, लेकिन सुबह छात्र की स्थिति गंभीर हो गई और उसने दम तोड़ दिया।

जी–20 कार्यक्रम से ऋषिकेश को मिलेगी वैश्विक पहचान, दो कार्यक्रमों की मेजबानी मिली

ऋषिकेश। ग्रुप ऑफ ट्वेंटी (जी–20) के दो कार्यक्रम की मेजबानी तीर्थनगरी ऋषिकेश को मिली है। मई और जून को प्रस्तावित कार्यक्रमों सें ऋषिकेश को वैश्विक मंच पर नई पहचान मिलेगी।

यह जानकारी देते हुए भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल ने केंद्र और प्रदेश सरकार की उपलब्धियां भी गिनवाईं। रविवार को लोनिवि गेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकार वार्ता में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता विनोद सुयाल ने कहा कि धामी सरकार राज्य के सर्वांगीण विकास के लिए नियोजित योजना बनाकर कार्य कर रही है। विधानसभा में पारित धर्मांतरण विधेयक और महिलाओं को क्षैतिज आरक्षण धामी सरकार के महत्वपूर्ण निर्णय हैं। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि समान नागरिक संहिता पर कार्य चल रहा है, इस विधेयक को जल्द लागू किया जाएगा। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि समान नागरिक संहिता कानून में किसी के साथ भेदभाव नहीं होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबका साथ सबका विकास नारा है। इस बार चारधाम यात्रा में नए कीर्तिमान स्थापित हुए हैं। इस बार यात्रा में देश–विदेश और प्रदेश से 50 लाख से अधिक लोगों ने देवधामों के दर्शन किए। पीएम मोदी ने चारधाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए विकास का नया खाका खींचते हुए केदारनाथ, गंगोत्री और हेमकुंड साहिब रोपवे के लिए माणा से 3400 करोड़ की योजनाओं का शिलान्यास किया है। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष रविंद्र सिंह राणा, मंडलाध्यक्ष दिनेश सती, जिला सह प्रभारी नलिन भट्ट, भाजपा आईटी सेल प्रदेश सचिव अजीत नेगी, मनोज ध्यानी, शिव कुमार गौतम, कपिल गुप्ता, अमरीश गर्ग, कविता शाह आदि मौजूद रहे।

कांजी हाउस निर्माण की कार्यवाही तेज करें अधिकारीः मेयर

ऋषिकेश। शहर की सड़कों पर आवारा पशुओं के आतंक से लोग परेशान हैं। समस्या से निपटने को मेयर अनिता ममगाईं कांजी हाउस के निर्माण की कवायद में जुट गई हैं। इस बारे में उन्होंने नगर आयुक्त को कांजी हाउस को लेकर जल्द रिपोर्ट देने को कहा है। रविवार को दून मार्ग स्थित कैंप कार्यालय में मेयर अनिता ममगाईं ने नगर आयुक्त राहुल गोयल संग बैठक की। उन्होंने जल्द से जल्द कांजी हाउस के निर्माण को लेकर जरूरी निर्देश दिए। कहा कि तहसील प्रशासन के साथ तालमेल बैठाकर भूमि तत्काल चयनित कर उसे नगर निगम ऋषिकेश में मर्ज करवाने की कारवाई पूरी की जाये, ताकि भूमि मिलते ही एक सप्ताह के भीतर आवारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए कांजी हाउस के निर्माण की प्रक्रिया पूरी हो सके।

बीईओ की कार्रवाई पर शिक्षक संगठन ने जताई नाराजगी

उत्तरकाशी। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संगठन पुरोला के पदाधिकारियों ने खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा दूरस्थ क्षेत्र सर–बडियार में औचक निरीक्षण कर 6 शिक्षकों के खिलाफ की गई कार्यवाही पर नाराजगी व्यक्त की है।

उन्होंने इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए शिक्षकों के मनोबल को कम करने का आरोप बीईओ पर लगाया है। रविवार को राजकीय प्राथमिक शिक्षक संगठन से जुड़े शिक्षकों की एक बैठक संगठन के अध्यक्ष मनोहर पंवार की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें अति दुर्गम क्षेत्र के विद्यालयों में एकल शिक्षकों की समस्याओं, शिक्षा की गुणवत्ता,शिक्षा के मूलभूत संसाधनों, जर्जर विद्यालय भवनों व विद्यालयों के कोटिकरण में असमानताओं को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर मनोहर पंवार ने कहा कि पुरोला ब्लॉक में 41 प्राथमिक विद्यालय वर्तमान समय में एकल शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। वहीं 19 में से 9 उच्च प्राथमिक विद्यालयों में भाषा, गणित व अंग्रेजी जैसे महत्वपूर्ण विषयों के शिक्षकों का आभाव बना है। उन्होंने गत तीन दिन पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी के दूरस्थ क्षेत्र सर–बडियार के औचक निरीक्षण के दौरान 6 शिक्षकों के खिलाफ की गई कार्यवाही को एकतरफा बताया। कहा कि विषम भौगोलिक परिस्थियों में शिक्षक और अधिकारी को टीम के रूप में कार्य करने से ही शिक्षण अधिगम अधिक प्रभावी होगा, ना कि बिना शिक्षक की समस्याओं को जाने एकतरफा कार्यवाही करने से। उन्होंने कहा कि शिक्षक सदैव अधिकारियों के निरीक्षण का स्वागत करते हैं।

पटवारी नहीं होने का खामियाजा भुगत रहे गडूलवासी

ऋषिकेश। रानीपोखरी न्याय पंचायत क्षेत्र के गडूल गांव में पिछले एक साल से पटवारी की तैनाती नहीं है। इसका खामियाजा गांव की करीब छह हजार से अधिक की आबादी को भुगतना पड़ रहा है। स्थायी, जाति समेत अन्य जरूरी प्रमाण पत्र से संबंधित कार्य में विलंब हो रहा है। यही नहीं दाखिल खारिज, भूमि संबंधी वादों का समय पर निस्तारण नहीं होने से प्रभावित लोग ऋषिकेश तहसील के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

कारों के शीशे तोड़कर चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

देहरादून। कारों के शीशे तोड़कर चोरी के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों से सामान भी बरामद किया गया है। आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजा गया। मसूरी में चार दिसंबर की रात कारों के शीशे तोड़कर चोरी हुई थी। कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत के भाई समेत एक अन्य की कार से लैपटॉप, स्टेपनी, बैग आदि सामान चोरी हो गया था। मसूरी कोतवाली प्रभारी डीएस कोहली ने बताया कि शहर के दो सौ से अधिक सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए। चोरी में प्रयुक्त वाहन का पता लगाया गया। इसके आधार पर पुलिस चोरों तक पहुंची। आरोपी गौरव कुमार (20 वर्ष) पुत्र लेखराज पंजाबी मोहल्ला कनखल हरिद्वार और और शुभम सिंह शाह (23 वर्ष) पुत्र सुंदर सिंह शाह निवासी सांझा दरबार कैम्पटी रोड मसूरी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी गौरव मूलरूप से अलीगढ़ का रहने वाला है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि दोनों नश की लत में पड़ गए थे। इसीलिए चोरी कर रहे थे।

तेरी बन जाएगी राम गुण गाने से...

◆भजन गायक दंपति पीयूषा–कैलाश अनुज के भजनों पर झूमे श्रद्धालु ◆हिंदी भजन संध्या के साथ श्री सिद्धबली महोत्सव का हुआ समापन

कोटद्वार के श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान के दौरान भजन संध्या में उमड़ी भीड़

कोटद्वार में श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान के समापन अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या में भजनों की प्रस्तुति देते पीयूषा–कैलाश अनुज।

कोटद्वार में श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान में भजन संध्या के दौरान शिव झांकी प्रस्तुत करते कलाकार

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः सिद्धबली महोत्सव के तीसरे दिन भजन गायक दंपति पीयूषा–कैलाश अनुज के मनमोहक भजनों की धूम रही। भजनों पर प्रस्तुत की गई शिव, हनुमान, नव दुर्गा की झांकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। शाम तक श्रद्धालु पीयूषा–कलश अनुज के भजनों पर झूमते रहे। भजन संध्या में लोगों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। तीन दिवसीय श्री सिद्धबली महोत्सव भजन गायक दंपति पीयूषा-कैलाश अनुज के भजनों की सुर लहरियों के साथ संपन्न हो गया। सांस्कृतिक संध्या में भजन गायक दंपति पीयूषा–कैलाश के भजनों ने श्रद्धालुओं को भक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। भजन संध्या की शुरूआत 'तेरी बन जाएगी राम गुण गाने से..' हुई। इसके उपरांत 'दुनिया रह गई दंग नाच रहे शिव शंकर..' भजन पर भगवान शंकर की मनमोहक झांकी प्रस्तुति की। इसके बाद भजन गायक दंपति ने 'मंगल भवन अमंगल आरी..', 'मेरो तो नंदलाल दूसरा न कोई..', 'शिव का डमरू डम–डम बाजे..', 'श्याम का दर्शन पाना हो तो..', 'कष्ट मिटाने वाला कौन..', 'देखो बरसे रंग..', 'हनुमान आज आना पड़ेगा, हमें दर्शन दिखाना पड़ेगात...', सहित कई अन्य मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के दौरान शंकर–पार्वती, राधे–कृष्ण, माता शेर-ावाली, बजरंग बली की भव्य झाकियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

निशुल्क नेत्र शिविर का 88 मरीजों ने उठाया लाभ

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः रोटरी क्लब के तत्वावधान व हिमालय अस्पताल जौलीग्रान्ट के सहयोग से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 88 मरीजों का परीक्षण किया गया तथा 5 मरीजों को ऑपरेशन के लिये जौलीग्रान्ट भेजा गया।

नजीबाबाद रोड स्थित रोटरी भवन मे आयोजित उक्त शिविर का शुभारम्भ हिमालय अस्पताल जौलीग्रान्ट के प्रशासनिक अधिकारी सी पी नैथानी ने किया। इस अवसर पर उन्होने कहा कि हमें समय– समय पर अपने नेत्रों की जांच करवाते रहना चाहिये। आंखों में दिक्कत होने पर व्यक्ति को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। शिविर में मरीजों का नेत्र परीक्षण हिमालय अस्पताल जौलीग्रान्ट के अनुभवी नेत्र विशेषज्ञ डा.आकर्शी व आशीष लोधी द्वारा किया गया। शिविर में दवाई व चश्मे भी वितरित किये गये। इस दौरान दिलबाग सिंह रोड़े, अध्यक्ष मनीष अग्रवाल, सचिव ऋषि ऐरन, कोषाध्यक्ष संजीव अग्रवाल ,दीपक भाटिया, गोपाल बंसल, कुलदीप अग्रवाल , ऊषा अग्रवाल, अनीत चावला, विजय कुमार माहेश्वरी आदि मौजूद रहे।

स्वास्थ्य शिविर 23 को

कोटद्वारः गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंटल केंद्र लैंसडौन की ओर से 23 दिसंबर को कौड़िया स्थित विक्टोरिया क्रास गबर सिंह कैंप में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जायेगा। शिविर में गौरव सेनानियों के पेंशन प्रकरणों सहित पूर्व सैनिकों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया जायेगा।

गढ़वाल राइफल्स के प्रशासनिक बटालियन अधिकारी ले. कर्नल गुरविंदर सिंह गिल ने बताया कि शिविर में सैनिकों को ईसीएचएस प्रकोष्ठ व सैनिक कल्याण विभाग सहित विभिन्न प्रकार की जानकारियां भी दी जायेंगी।

बाबा के जागरों से गुंजयमान हुआ सिद्धों का डांडा

श्री सिद्धबली बाबा को चढ़ाया गया सवामन रोट का भोग

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः श्री सिद्धबली मंदिर परिसर में चल रहे तीन दिवसीय श्री सिद्धबली बाबा वार्षिक अनुष्ठान के समापन अवसर पर एकादश कुंडीय यज्ञ की पूर्णाहुति के साथ ही सिद्धबाबा के जागर लगाए गए। जागरों से से सिद्धों का डांडा गुंजायमान रहा। जागर संपन्न होने के बाद सवामन रोट का भोग लगाया गया व बाद में इस रोट को प्रसाद के रूप में वितरित किया गया।

तीन–दिवसीय मेले के अंतिम दिन ब्रह्ममुहूर्त में श्री सिद्धबाबा के महाभिषेक के उपरांत आचार्य पंडित देवी प्रसाद भट्ट के सानिध्य में रूद्र पाठ हुआ। तत्पश्चात पिछले तीन दिन से चल रहे एकादश कुंडीय यज्ञ का भी पूर्णाहुति के साथ समापन किया गया। यज्ञ समापन के उपरांत श्री सिद्धबाबा के जागर शुरू हुए।

बाबा सिद्धबली को चढ़ाया गया सवामन रोट का भोग

कोटद्वार में सिद्धबाबा के जागरों के प्रभाव में आए भक्त।

'अलेठी–पलेठी धौला उडयारी जाग, मोड़ाखाल जाग, मलोठी भाबर मा जाग, सिद्धबली मंदिर मा सिद्धबाबा जाग, माता विमला मोहरी को जाग, राजा कुंवरपाल को जाग' जैसे जागरों के धुन के बीच कई महिलाएं व पुरुष 'देवी–देवताओं' के प्रभाव में आकर नाचने लगे। जागर मुख्य जागरी सर्वेंद्र कुकरेती व उनके साथी हरीश भारद्वाज व मंगे लाल ने लगाए, जिन्हें सुनने को भारी तादाद में कोटद्वार समेत आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालु सिद्धबली मंदिर में पहुंचे थे। जागर के दौरान सिद्धबाबा के प्रभाव में आए भक्तों ने अपनी पीठ पर लोहे के सांकल से प्रहार शुरू कर दिया व दहकते हुए अंगारों पर नृत्य करने लगे। इसके बाद सवामन आटे के रोट का भोग लगाया गया।

मेले के दौरान तीन दिनों तक विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया, जिसमें कोटद्वार क्षेत्र के अलावा नजीबाबाद, बिजनौर, मेरठ सहित कई अन्य क्षेत्रों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

16 को कोटद्वार तहसील में धरना देंगे धीरेंद्र प्रताप

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप आम जन को जंगली जानवरों के आतंक से निजात दिलाने की मांग को लेकर 16 दिसंबर को कोटद्वार तहसील में धरना देंगे।

यह जानकारी देते हुए चिन्हित आंदोलनकारी संयुक्त समिति के नगर अध्यक्ष बलवंत सिंह ने बताया कि पर्वतीय व नगरीय क्षेत्रों में जंगली जानवरों ने आम जन का जीना मुश्किल कर रखा है। साथ ही जंगली जानवर काश्तकारों की फसल को भी तहस नहस कर रहे हैं। इन्हीं मांगों की ओर प्रदेश सरकार का ध्यान दिलाने के लिए कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष 16 दिसंबर को तहसील स्थित वीर चंद्र सिंह गढ़वाली की प्रतिमा के समक्ष धरना देंगे।

शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति एवं प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः स्पिक मैके संस्था की ओर से आयोजित छह दिवसीय शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुति एवं प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न हो गई है। कार्यशाला के आखिरी दिन चार स्कूलो में कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान छह दिनों में दो भारतीय शास्त्रीय नृत्यांगनाओं ने 12 स्कूलों में 24 कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी है। उन्होंने बच्चों के बीच जाकर अपने अनुभव सांझा किए। बच्चों में शास्त्रीय नृत्यों को लेकर खासा उत्साह देखा गया। आयोजन के दौरान देवभूमि के आतिथ्य से दोनों अखिल भारतीय नृत्यांगनाएं भाव विभोर हो उठी।

पौड़ी के जीजीआईसी पैडुल में आयोजित कार्यक्रम में प्रसिद्ध कत्थक नृत्यांगना वर्षा दासगुप्ता ने शिरकत की। कार्यक्रम में राजकीय जूनियर हाईस्कूल पैडुल के बच्चों ने भी प्रतिभाग किया। इस मौके पर वर्षा ने बच्चों के बीच शास्त्रीय नृत्य कतथ की बारीकियां सांझा की। साथ ही नृत्य की अनेक विधाओं, भावों की अभिव्यक्ति व उनके महत्व पर विस्तार से जानकारी प्रदान की।

जीजीआईसी की प्रधानाचार्य शुभा रयाल व राजूहा पैडुल की प्रधानाध्यापिका शांति नेगी ने कहा बच्चों को एक अलग अनुभव इस आयोजन से मिला है। अखिल भारतीय स्तर के कलाकार का बच्चों के बीच आकर प्रस्तुति देना सुखद क्षण है। इसके बाद वर्षा दासगुप्ता जनता इंटर कालेज परसुंडाखाल में बच्चों के बीच पहुंची। यहां विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. मदन मोहन नौडियाल व विद्यालय परिवार ने उनका भव्य स्वागत किया। कहा कत्थक शास्त्रीय नृत्य विधा की पारंगत कलाकार ने बच्चों को एक अलग परिवेश दिया।

जो बच्चों को सीखने, सिखाने के साथ प्रोत्साहित कर गया। वर्षा ने बच्चों को शास्त्रीय नृत्य की अनेक भाव–भंगिमाओं का अभ्यास भी कराया। दूसरी ओर भरतनाट्यम की प्रसिद्ध नृत्यांगना डा. मंद्रकांता रॉय ने अटल उत्कृष्ट इंटर कालेज रुद्रप्रयाग व जीआईसी दिखोल्यूं में बच्चों को भरतनाट्यम का प्रशिक्षण प्रदान किया। स्पिक मैके के यह आयोजन छह दिसंबर से शुरू हुए थे। इन आयोजनों में गणेश बलूनी व महेश गिरी की अहम भूमिका रही। स्पिक मैके के पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य परवेज अहमद ने संस्था के आयोजनों में विद्यालयों के सहयोग की जमकर सराहना की।

पोस्टआफिस की योजनाओं से करवाया अवगत

पौड़ीः पोस्टआफिस खाताधारकों के लिए अच्छी खबर है। पोस्टआफिस खाताधारक वार्षिक प्रीमियम जमाकर करते हुए ग्रुप एक्सीडेंट गार्ड पालिसी का लाभ उठा सकते हैं। इंडिया पोस्ट पैमेंटस बैंक द्वारा ग्रुप एक्सीडेंट गार्ड पालिसी को लेकर उपभोक्ताओं को जागरूक किया गया। इस दौरान पोस्ट आफिस कार्यालय में कर्मचारियों ने यहां पहुंचे खाताधारकों को बताया कि इंडिया पोस्ट पेमेंटस बैंक द्वारा ग्रुप एक्सीडेंट गार्ड पालिसी जारी की गई है। इस पालिसी का लाभ 18 से 65 साल तक के लोग जिनका पोस्ट आफिस में खाता है वह 399 रूपए के वार्षिक प्रीमियम से उठा सकते हैं। बताया गया कि इसके तहत दुर्घटना होने पर दुर्घटनावश मृत्यु, चिकित्सा व्यय ओपीडी, स्थायी रूप से पूर्ण दिव्यांगता, शिक्षा लाभ, स्थायी रूप से आंशिक दिव्यांगता, अस्पताल में भर्ती के दौरान दैनिक नकद, दुर्घटनावश अंग–विच्छेद और पैरालिसिस, परिवार के लिए परिवहन संबंधी लाभ, दुर्घटनावश चिकित्सा व्यय आईपीडी संबंधी लाभ दिया जाता है।

धावक अंकिता ध्यानी के माता-पिता हुए सम्मानित

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वारः श्री सिद्धबली बाबा महोत्सव कार्यक्रम में पहुंचे पतंजली योगपीठ के संस्थापक आचार्य बाल कृष्ण ने धावक अंकिता ध्यानी के माता-पिता को भी सम्मानित किया।

कार्यक्रम के दौरान आचार्य बालकृष्ण ने लैंसडौन विधानसभा के अंतर्गत ग्राम मेरूड़ा निवासी अंकिता के पिता महिमानंद ध्यानी व माता को सम्मानित किया। लैंसडौन विधायक दिलीप रावत ने कहा कि उन्हें पहाड़ की बेटी अंकिता पर गर्व है। युवाओं को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे आना चाहिए। इस दौरान मुख्य अतिथि ने अंकिता के स्वजनों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित करने के साथ ही स्मृति चिन्ह भी भेंट किया।

धावक अंकिता के माता पिता को सम्मानित करते आचार्य बाल कृष्ण

संगठन की बैठक 16 को

ऑल इंडिया एसएसबी गुरिल्ला संगठन की बैठक 16 दिसंबर को आयोजित की जाएगी। संगठन के जिलाध्यक्ष मान सिंह नेगी ने बताया कि गुरिल्लों का एसएसबी विभाग भौतिक सत्यापन कर रही है। जबकि राज्य सरकार द्वारा पुलिस से यह सत्यापन करवाया जा रहा है।

कहा कि गुरिल्लों को सत्यापन करवाने के लिए जागरूक करने के लिए 16 दिसंबर को बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ब्रहमानंद डालाकोटी भी हिस्सा लेंगे। उन्होंने सभी गुरिल्लों से बैठक में आने की अपील की है।

पौड़ी जिले के शिक्षकों को मिला राष्ट्रीय गौरव शिक्षक सम्मान

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः जनपद पौड़ी गढ़वाल के छः शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में नवाचारी कार्यों हेतु राष्ट्रीय गौरव शिक्षक सम्मान 2022 से नवाजा गया।यह सम्मान इन सभी शिक्षकों को शिक्षा में नवाचारी गतिविधियों और विद्यार्थियों को समय–समय पर प्रोत्साहित करने हेतु दिया गया।

राष्ट्रीय स्तर की संस्था टीम मंथन गुजरात–भारत द्वारा उमिया धाम,उंझा,महेसाणा,गुजरात में कार्यक्रम का आयोजिन किया गया था। जिसमें देश के 175 से अधिक नवाचारी शिक्षकों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। जनपद पौड़ी से सम्मानित होने वाले शिक्षकों में राजीव थपलियाल रा.प्रा. वि. मेरूडा,जसपाल असवाल रा. प्रा.वि.जलेथा,रवीन्द्र कुमार रा.आ.प्रा.वि. कोटा सभी जयहरीखाल,कमलेश बलूनी रा.प्रा वि. जसपुर कल्जीखाल,दिनेश सिंह बिष्ट रा. प्रा. वि. काण्डा रिखणीखाल एवं विनोद रावत राप्रा.वि.चुठाणी खिर्सू हैं। टीम मंथन गुजरात के राष्ट्रीय संयोजक शैलेश कुमार प्रजापति ने बताया कि, इन शिक्षकों के द्वारा विद्यालय में नवाचारी,सृजनशील एवं कर्तव्यनिष्ठ कार्यों को करने के लिए यह राष्ट्रीय स्तर का सम्मान प्रदान किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि समूचे भारतवर्ष से आए इन सभी शिक्षकों द्वारा अपने विद्यालय में शिक्षा में रचनात्मक नवाचारी कार्यों को सतत् रूप से किया जा रहा है। इनके उत्कृष्ट कार्यों के द्वारा विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण समृद्ध हुआ है। ये सभी शिक्षक समय– समय पर अपने विद्यार्थियों में रचनात्मकता की अभिवृद्धि हेतु प्रयास करते रहते हैं। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भावेश पांडेय ने कहा किअगर शिक्षक अपनी तन्मयता से शिक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं तो अपको कभी न कभी सम्मान और पहचान जरूर मिलती है। हम सभी का लक्ष्य और जिम्मेदारी यह है कि हमारी सरकारी शिक्षा बेहतर से बेहतर हो। विशिष्ट अथिति श्रीमती उमा ड्यूनडी ने अपने संबोधन में कहा कि आज समाज में सरकारी शिक्षा और सरकारी स्कूलों के प्रति जो नकरात्मक सोच समाज में विकसित हो रही है। उसको नवाचारी शिक्षक दूर करने का प्रयास कर रहे हैं। एक और विशिष्ट अतिथि चंदू भाई मोदी ने अपने वक्तव्य में कहा कि इन शिक्षकों को ये सम्मान समाज में सरकारी शिक्षा को बेहतर करने के लिए दिया जा रहा है।प्रत्येक शिक्षक के पास शिक्षण का कोई न कोई नवाचारी आइडिया जरूर होता है। इस तरह के सम्मेलनों का उद्देश्य शिक्षकों के नवाचारी आइडिया को एक दूसरे से साझा करने और उसको अपने–अपने विद्यालयों में ले जाने के लिए भी है। अन्य विशिष्ट अतिथियों में अजय नायर,डॉ राजेन्द्र जानी,मनोज पंवार, सुरेश राणा, ऊषा रानी मौजूद रही।

राष्ट्रीय गौरव शिक्षक सम्मान से सम्मानित होने वाले शिक्षक

इंजीनियरिंग कॉलेज में प्लास्टिक उन्मूलन अभियान चलाया

अल्मोड़ा। द्वाराहाट के बीटीकेआईटी में पर्यावरण संरक्षण तथा प्लास्टिक उन्मूलन के लिए कार्यक्रम आयोजित किये गये। मैकेनिकल विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक डॉ. सत्येन्द्र सिंह व डॉ. आरके पांडेय ने मौजूद लोगों को पर्यावरण की शपथ दिलाकर व राष्ट्रीय गान गाकर किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण व प्लास्टिक उन्मूलन के लिए सामूहिक भागीदारी के साथ स्वयं की जिम्मेदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा गया कि अधिकतर लोग मॉर्निंग वॉक पर निकलते हैं। प्लागिंग ऐसा माध्यम है जिसमें लोग वॉक करते हुए छोटा गार्बेज पैक साथ लेकर चल सकते हैं। उन्होंने कहा कि मॉर्निंग वॉक के साथ हाथों में दस्ताने पहनकर मार्ग में दिख रहे कूड़ा व प्लास्टिक कचरे का निस्तारण कर भी संस्थान व क्षेत्र को स्वच्छ बनाया जा सकता है। छात्र लक्ष्मी चंद्र त्रिपाठी, हितेश पंत, सत्यम सिंह व रजनीश कुमार गंगवार ने विस्तार से प्लागिंग के माध्यम से पर्यावरण व प्लास्टिक उन्मूलन के उपाय बताए। यहां संस्थान के निदेशक प्रो सत्येंद्र सिंह, प्रो अनिरुद्ध गुप्ता, समन्वयक डॉ. आरके पांडे, महेंद्र सिंह, संतोष कुमार, अशोक वर्मा, डॉ विजया भंडारी आदि मौजूद रहे ।

चीनी मिल के ईडी ने किया गन्ना क्रय केन्द्रों का निरीक्षण

रुद्रपुर। चीनी मिल के अधिशासी निदेशक त्रिलोक सिंह मतौलिया ने गन्ना क्रय केन्द्र ग्राम बरा–अ, बरा–ब और ग्राम बरी का आकस्मिक निरीक्षण किया। रविवार को मतौलिया ने निरीक्षण के दौरान क्रय केन्द्र बरा–अ पर कुछ गन्ना जड़ अगौला पत्ती सहित पाया। इस पर उन्होंने तौल स्टाफ को जड़ अगौला पत्ती की कटौती के निर्देश दिए। उन्होंने वहां मौजूद किसानों से अनुरोध किया कि वे जड़ अगौला पत्ती रहित ताजा एवं साफ–सुथरा गन्ना आपूर्ति करें, जिससे अच्छी गुणवत्ता की चीनी का उत्पादन किया जा सके। क्रय केन्द्र बरी पर एक ट्रॉली गन्ना रेड रॉट बीमारी से ग्रसित पाया गया। उन्होंने उसे रिजेक्ट करते हुए तौल प्रभारी को भविष्य में कभी भी रोग ग्रसित गन्ने की तौल नहीं करने के निर्देश दिए।

सीमांत के ग्रामीणों को बांटी रजाइयां

चम्पावत। पूर्णागिरि बार एसोसिएशन टनकपुर के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट विजय शुक्ला ने नेपाल सीमा से लगे डनगांव में शिविर लगाया। इस दौरान उन्होंने आर्थिक रूप से कमजोर 20 ग्रामीणों को रजाइयां वितरित की। एडवोकेट शुक्ला ने बताया कि इससे पूर्व न्यायिक बंदीगृह लोहाघाट और टनकपुर क्षेत्र में जरूरतमंदों को रजाइयां, गर्म कपड़े वितरित किए जा चुके हैं। कहा कि भविष्य में भी असहाय लोगों की मदद की जाती रहेगी।

गमगीन माहौल में हुआ सुरेंद्र का अंतिम संस्कार

रुद्रपुर। शनिवार शाम ट्रक की टक्कर से जान गंवाने वाले बाइक सवार युवक सुरेंद्र का रविवार को गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। वहीं पोस्टमार्टम के बाद शव को घर लाने से पहले वहां भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात किया गया था। यहां तक की घर से लेकर श्मशान घाट तक जगह–जगह पुलिस कर्मी तैनात रहे। वहीं अंतिम संस्कार के बाद बड़े भाई ने पुलिस को ट्रक चालक के खिलाफ तहरीर सौंप कार्रवाई की मांग की। वार्ड नंबर चार सुखमणि विहार कॉलोनी निवासी 24 वर्षीय सुरेंद्र पिपलिया नंबर दो में एक ड्रम बनाने वाली फैक्ट्री में सुपरवाइजर था। शनिवार शाम करीब 7:30 बजे जब सुरेंद्र बाइक से घर लौट रहा था तो एसआईएमटी मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रहे भूसे से भरे ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी। इस दौरान सुरेंद्र ट्रक के पहिये की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए तत्काल जिला अस्पताल और उसके बाद हल्द्वानी ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। सुरेंद्र की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। रविवार को पोस्टमार्टम के बाद सुरेंद्र का शव जब उसके आवास पर लाया गया तो वहां सैकड़ों लोग मौजूद थे। ये लोग उसकी शव यात्रा में शामिल हुए। वहीं क्षेत्र में किसी अनहोनी की आशंका के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए थे। सुरेंद्र के घर से लेकर श्मशान घाट तक पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। सीओ भूपेंद्र सिंह भंडारी और कई थानों से पहुंचे अधिकारी थाने में जमे रहे। शव को मुक्तिधाम श्मशान घाट ले जाया गया। पुलिस प्रशासन के कई वाहन भी शव यात्रा में चल रहे थे।

इस दौरान भाजपा विधायक अरविंद पांडे, पूर्व विधायक प्रेमानंद महाजन, पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस, मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुम्बर, अशोक हुड़िया, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंकित हुडिया, पंकज सेतिया, सजल डाबर, सचिन आदि मौजूद रहे।

16 दिसंबर को नैनीताल चलो का आह्वान

अल्मोड़ा। जगदीश हत्याकांड, प्रदेश में लगातार बिगड़ती कानून व्यवस्था, अंकिता हत्याकांड और हैलंग आदि तमाम ज्वलंत मुद्दों को लेकर 16 दिसम्बर को तमाम जन संगठनों के साथ उत्तराखंड परिवर्तन पार्टी ने नैनीताल चलो का आह्वान किया है। उपपा के केंद्रीय अध्यक्ष पीसी तिवारी ने कहा कि प्रदेश में सरकार के संरक्षण में अपराध और अराजकता लगातार बढ़ रही है, कानून व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। भर्ती घोटाले, नौकरियों की लूट और जंगली जानवरों के आतंक से जनता त्रस्त है। जिसके खिलाफ सड़कों पर उतरना आज की जरूरत बन गई है।

177 वें दिन भी जारी रहा जायडस कर्मियों का धरना

रुद्रपुर। जायडस फैक्ट्री के बंद होने के बाद से आंदोलनरत श्रमिकों का 177वें दिन भी धरना जारी रहा। उन्होंने राज्य सरकार से फैक्ट्री की गैरकानूनी अवैध बंदी को खुलवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया और फैक्ट्री प्रबंधन की घोर निंदा की। रविवार को फैक्ट्री गेट पर जायडस वेलनेस इंप्लाइज यूनियन के बैनर तले धरना दे रहे श्रमिकों ने मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान श्रमिकों ने जमकर नारेबाजी की। श्रमिकों ने कहा कि राज्य सरकार एवं श्रम विभाग की ओर से जायडस फैक्ट्री की अवैध बंदी को खुलवाकर बेरोजगार करीब 1200 श्रमिकों की कार्य बहाली कराई जाए। यूनियन के महामंत्री उमेश गोला ने कहा कि श्रमिक सोमवार को श्रम विभाग को प्रत्यावेदन सौंपकर अवैध बंदी खुलवाने और कार्य बहाली की मांग करेंगे। यहां अध्यक्ष विकास सती, धर्मेंद्र सिंह, दलीप, शंकर, रंजना, भावना, सीमा, फरजाना, संजय आदि मौजूद रहे।

पिथौरागढ़ की टीम बनी ओवर ऑल बॉक्सिंग चैंपियन

अल्मोड़ा। एसएसजे परिसर में अंतर महाविद्यालयी महिला–पुरुष बॉक्सिंग प्रतियोगिता का समापन हो गया है। बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए दोनों ही वर्गों में पिथौरागढ़ की टीम चैंपियन बनी। वहीं, पुरुष वर्ग में टनकपुर महाविद्यालय जबकि महिला वर्ग में एसएसजे परिसर अल्मोड़ा की टीम उप विजेता बनी। रविवार को दूसरे दिन पुरुष वर्ग में हर्षदीप, हर्षवर्धन जोशी, राहुल कुमार, सूरज, हीरा, योगेश रावत, जबकि महिला वर्ग में मोनिका मेहता, खुशी गुरुरानी, बीना बिष्ट, हिमानी वल्दिया और चांदनी बिष्ट ने अपने–अपने भारवर्ग में स्वर्ण पदक जीते। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय बॉक्सिंग कोच देवेंद्र चंद्र भट्ट और विशिष्ट अतिथि उत्तराखंड बॉक्सिंग संघ के महासचिव गोपाल खोलिया ने विजेता और उप विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। ललित कुंवर, केदार सिंह, डॉ. भुवन तिवारी, जीवन प्रकाश, रजवंत कौर, पंकज कुमार, प्रदीप मेहता और मनोज ने निर्णायक की भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर क्रीड़ा प्रभारी व आयोजक सचिव लिकायत अली ने निर्णायकों और सहायकों का आभार जताया।

विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ

पिथौरागढ़। जीआईसी कोठेरा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन हुआ। मानवाधिकार दिवस के मौके पर पैरा लीगल वालियंटर (पीएलवी) बबीता मेहता विद्यालय पहुंची। इस दौरान उन्होंने कहा कि संविधान में नागरिकों को कई अधिकार दिए गए हैं। उन्होंने छात्र–छात्राओं को शिक्षा का अधिकार, धार्मिक स्वतंत्रता अधिकार, अभिव्यक्ति का अधिकार सहित अन्य अधिकारों के बारे में बताया। साथ ही उन्होंने बढ़ते साइबर अपराध से भी बच्चों को अवगत कराया।

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में बंधे 20 जोड़े

रुद्रपुर। लघु उद्योग व्यापार मंडल ट्रांजिट कैम्प एवं सर्व समाज कल्याण समिति की ओर से सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें 20 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। सभी नव दंपतियों को क्षेत्र के तमाम समाजसेवियों और विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने आशीर्वाद दिया। इससे पहले सभी दूल्हों की बारात बैंडबाजे के साथ निकाली गई। रविवार को बारात गल्ला मंडी से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, डीडी चौक, किच्छा बाईपास रोड, झील, ट्रांजिट कैंप रोड होते हुए आयोजन स्थल फुटबॉल मैदान पहुंची। जहां बारात का कन्या पक्ष के लोगों के साथ आयोजकों ने विधिविधान से पूजा अर्चना कर स्वागत किया। इसके बाद गायत्री परिवार ने सभी वर–वधू की जयमाला एवं फेरे करवाए। सभी रस्मों के पूरा होने के बाद उत्तम दत्ता, भारत भूषण चुघ सोनू, श्री बालाजी मंडल, गायत्री परिवार, सुंदर कांड महिला मंगल दल के अलावा तमाम सामाजिक एवं जनप्रतिनिधि, मेयर रामपाल सिंह, विधायक शिव अरोरा, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल, मीना शर्मा, डॉ. राजेन्द्र कौशिक एवं कैम्प के व्यापारियों ने नवदंपतियों को सुखी दांपत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। इस दौरान आयोजकों ने सभी कन्याओं को गृहस्थी का कई सामान उपहार स्वरूप भेंट कर विदा किया। इस मौके पर मनोज गुप्ता, संजीव गुप्ता, पार्षद सुशील चौहान, गुरमीत सिंह, विनोद अरोरा, प्रशांत ढल्ला, मुकेश वशिष्ठ, संजीव शर्मा, प्रभास स्वर्णकार, भगवान दास ठुकराल, मोहन अग्रवाल, हरीकिशन मित्तल, राजेन्द्र राठौर, कैलाश गिरी समेत बड़ी संख्या में वर और वधू पक्ष के लोग मौजूद रहे।

मुनस्यारी व मदकोट में मिलेंगे आंचल के दुग्ध उत्पाद

पिथौरागढ़। दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ मुनस्यारी व मदकोट में भी अब लोगों को आंचल दूध से बने उत्पाद उपलब्ध कराएगा। इससे पर्यटकों व होटल व्यवसायियों को दूध संबंधित दिक्कतों का सामना नहीं करना पडेगा।

दुग्ध संघ के प्रबंधक राजेश मेहता ने बताया कि मुनस्यारी व मदकोट में आंचल से बने उत्पादों की ब्रिक्री करने का निर्णय लिया गया है। इससे लोगों को तो लाभ होगा ही साथ ही महिलाओं को भी स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। पर्यटक स्थानीय दूध से बने उत्पादों को लुत्फ ले सकेंगे और व्यवसायियों के व्यवसाय में वृद्धि होगी। वहीं दुग्ध संघ के अध्यक्ष विनोद भट्ट ने कहा कि किसानों को दूध के सही दाम मिलें और बिजनेस को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि दूध की गुणवत्ता उच्च होने के कारण आंचल दुग्ध के उत्पादों की काफी सराहना की जा रही है। महिलाओं ने संघ के इस प्रयास की सराहना की।

भोजन माताओं ने की सरकार से सुध लेने की मांग

पिथौरागढ़। भोजन माता संगठन ने शासन–प्रशासन से उनकी भी सुध लेने की मांग की है। रविवार को संगठन की अध्यक्ष जानकी भंडारी ने कहा कि लंबे समय से मानदेय को लेकर आवाज उठा रहे हैं, लेकिन उनकी सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि जिले में कई भोजनमाताएं ऐसी हैं जिनकी आर्थिक स्थिति सही नहीं है। विद्यालय से मिलने वाले मानदेय से ही वे अपने परिवार का भरण–पोषण करती हैं। महंगाई के इस दौर में अल्प मानदेय में उनके लिए घर चलाना मुश्किल हो गया है। ऐसे में शासन–प्रशासन को मानदेय में वृद्धि करनी चाहिए, ताकि भोजनमाताओं को राहत मिल सके। उन्होंने सरकार से भोजनमाताओं को 15हजार मानदेय देने की मांग की है।

साइबर ठगी, धोखाधड़ी के मामलों में तुरंत करें मुकदमा दर्जः एसपी

पिथौरागढ़। सीमांत में आए दिन हो रही साइबर ठगी और धोखाधड़ी को देखते हुए एसपी ने सभी थानाध्यक्षों ने मामला सामने आने पर तुरंत मुकदमा दर्ज करने को कहा है। साथ ही, अधीनस्थ कर्मचारियों के कार्यों की मासिक समीक्षा करने और उनकी पारिवारिक समस्याओं का भी निस्तारण के निर्देश दिए हैं। एसपी लोकेश्वर सिंह ने बीते रोज जिले भर के थानाध्यक्षों के साथ वर्चुअली मासिक बैठक की।

इस दौरान उन्होंने थानाध्यक्षों से अपने–अपने क्षेत्रों में शाति व्यवस्था भंग करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने ऑपरेशन चक्रव्यूह में सक्रिय रहकर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एसपी ने न्यायालय से जारी गैर जमानतीय वारंटियों की गिरफ्तारी करने, पेण्डिंग अभियोगों का निस्तारण करने व थानों में जमा माल मुकदमातियों का शीघ्र निस्तारण करने और शराब पीकर वाहन संचालित करने वालों पर भी कार्रवाई करने को कहा है। इससे पूर्व उन्होंने माह के दौरान उत्कृष्ठ कार्य करने वाले पुलिस कर्मियों को भी सम्मानित किया।

एसआई दिनेश चंद्र सिंह, कांस्टेबल अनीता आर्या, गीता पवार इस बार बेस्ट एम्प्लाय ऑफ द मंथ चुने गए हैं।

वन अधिनियम में तीन लोगों को दो साल की सजा

बागेश्वर। वन अधिनियम में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट का फैसला जिला एवं सत्र न्यायाधीश एसएमडी दानिश के न्यायालय ने बरकरार रखा है।

अभियुक्त प्रेम सिंह खेतवाल पुत्र आन सिंह निवासी बल्दौड़ी की अपील निरस्त कर दी है। जिला शासकीय अधिवक्ता गोविंद बल्लभ उपाध्याय और सहायक शासकीय अधिवक्ता चंचल सिंह ने मामले की पैरवी की। बताया कि न्यायालय ने बीते आठ दिसंबर को प्रेम सिंह खेतवाल की अपील निरस्त कर दी है।

अभियुक्त प्रेम सिंह खेतवाल, बलवंत सिंह राठौर और राजेंद्र सिंह को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने धारा 411 में दो–दो वर्ष की साधारण सजा और 10–10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। जुर्माना नहीं अदा करने पर अभियुक्तों को एक–एक माह की अतिरिक्त साधारण कारवास भोगना होगा। वहीं, जिला सत्र न्यायालय ने तीनों अभियुक्तों पर धारा 120 बी, 26 वन अधिनियम के आरोप में दोषसिद्ध किया। घटनाक्रम चार मार्च 2019 का है।

कोतवाली में तैनात एसआइ मोहन चंद्र पडलिया ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की। मुखबिर की सूचना पर भराड़ी रोड पर पिकअप संख्या यूके02सीए–0592 की तलाशी ली। जिसमें तुन की लकड़ी की 51 बल्लियां चार अंगुल, 18 बल्लियां छह बालिस्त और 51 बल्लियां आठ से नौ बालिस्त कुल 107 बल्लियां बरामद की। उनक पास रवन्ना आदि नहीं था।

48 घंटे बाद भी नहीं लगा एसएसबी जवान का सुराग

चम्पावत। एसएसबी पांचवी वाहिनी ई–कंपनी कलढुंगा की बीओपी चामीगाड़ में तैनात एसएसबी जवान का 48 घंटे बाद भी कोई सुराग नहीं लग सका है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। राजस्थान के अलवर ढ़ाकी निवासी 35 वर्षीय जवान दीपक कुमार यादव पुत्र अजीत सिंह यादव एसएसबी ई–कंपनी कलढुंगा की बीओपी चामीगाड़ में तैनात है। एसएसबी के मुताबिक शुक्रवार देर शाम जवान कैंपस से लापता हो गया।

साथी जवानों ने कैंपस और आसपास का पूरा क्षेत्र छान मारा। लेकिन जवान का कोई सुराग नहीं लग सका। शनिवार को एसएसबी पांचवीं वाहिनी के सहायक उप निरीक्षक शीशपाल सिंह ने टनकपुर कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। इधर 48 घंटे बीतने के बाद भी एसएसबी जवान का सुराग नहीं लग सका है।

पतंजलि के समारोह में कई लोग हुए सम्मानित

अल्मोड़ा। पतंजलि महिला समिति की ओर से चौखुटिया के शिव पार्वती हॉल में रविवार को वृहद सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

इसमें 16 अक्तूबर को स्वामी रामदेव के कार्यक्रम में विशेष योगदान के लिए पुलिस, प्रशासन सहित तमाम लोगों को सम्मानित व पुरस्कृत किया गया। इस मौके पर पतंजलि की पूर्व जिला प्रभारी व भाजपा की जिलाध्यक्ष लीला बिष्ट सहित कई अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। बीते 16 अक्तूबर को चौखुटिया में आयोजित स्वामी रामदेव के कार्यक्रम व प्रांतीय महिला सम्मेलन की सफलता की खुशी में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार की महिला इकाई ने शिव–पार्वती हॉल में वृहद सम्मान समारोह आयोजित किया। इस मौके पर पतंजलि की राज्य सह प्रभारी लक्ष्मी साह व राज्य कार्यकारिणी सदस्य लीला संगेला जोशी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए स्वामी रामदेव के कार्यक्रम में उनके योगदान के प्रति आभार जताया। मुख्य अतिथि पतंजलि की पूर्व जिला प्रभारी व भाजपा जिलाध्यक्ष लीला बिष्ट ने उन्हें दिए सम्मान के लिए कृतज्ञता व्यक्त करते हुए महिलाओं के सामने खड़ी चुनौतियों व उनसे निपटने के उपायों पर बात रखी।इनको किया सम्मानितः भारत स्वाभिमान के जिला प्रभारी मनोहर नेगी, व्यापार संघ अध्यक्ष गणेश कांडपाल, प्रभाकर दूबे, दीपक नेगी, चेतना नेगी, नृपेंद्र जोशी, त्रिलोक सिंह, मंजू जोशी, रुचि दूबे, तहसीलदार विवेक राजौरी, एसओ दिनेश नाथ महंत, धर्मा गुसाई, बीरेंद्र नेगी, मनोरमा राणा, विनोद छिमवाल, सुरेंद्र संगेला, पवन तिवारी, कमला बिष्ट, दीपक कुमार, राजवीर सिंह, रजनीश वर्मा, पूरन संगेला, केदार अकादमी, विजडम स्कूल के बच्चों तथा छोलिया नृत्य की टोली सहित कई लोगों को सम्मनित किया गया। संचालन लीला संगेला, हेम कांडपाल व लक्ष्मी साह ने संयुक्त रूप से किया।

महिला से पर्स झपटने वाले बाइक सवारों पर केस दर्ज

रुद्रपुर। एक महिला से पर्स झपटने वाले बाइक सवारों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। एक सप्ताह पूर्व बलवंत एनक्लेव बिलासपुर निवासी मीनाक्षी पत्नी प्रवीन ने पुलिस को तहरीर सौंपकर बताया कि वह स्कूटी से अपनी टूटी हुई सोने की चेन ठीक कराने के लिए सुनार के पास जा रही थीं। इस बीच टीचर कॉलोनी के पास बाइक सवार दो बदमाशों ने चलती स्कूटी से उसका पर्स झपट लिया। इससे स्कूटी अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिरकर घायल हो गई। बाइक सवार पर्स लेकर इंदिरा चौक की ओर फरार हो गए थे। राहगीरों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया। मीनाक्षी ने बताया कि पर्स में दो तोला सोने की चेन, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एक हजार की नगदी और घर की चाबी और मोबाइल थे। कोतवाल विक्रम राठौर ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर बाइक सवारों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

कर्णप्रयाग में हुंकार रैली की तैयारियों में जुटे कार्मिक

रुद्रप्रयाग। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा जनपद रुद्रप्रयाग की बैठक में 18 दिसम्बर को कर्णप्रयाग में होने वाली पुरानी पेंशन हुंकार रैली को सफल बनाने पर चर्चा की गई। साथ ही अधिक से अधिक संख्या में रैली में पहुंचकर शिक्षक–कर्मचारी से सफलता का आह्वान किया गया। राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा के जनपद अध्यक्ष अंकित रौथान की अध्यक्षता में हुई बैठक में रैली के लिए रणनीति पर चर्चा की गई। इस मौके पर मोर्चा के मंडलीय महासचिव नरेश कुमार भट्ट ने कहा कि कर्णप्रयाग की हुंकार रैली उत्तराखंड सरकार को लोकसभा चुनाव से पहले चेतावनी होगी। उन्होंने गढ़वाल मंडल से हर कार्मिक को बढ़–चढ़ कर रैली में प्रतिभाग करने का आह्वान किया। प्रांतीय कोषाध्यक्ष रणवीर सिंधवाल ने कहा कि हुंकार रैली पुरानी पेंशन बहाली की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। जनपदीय संरक्षक शंकर भट्ट ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के कार्मिकों ने सरकार बदल कर पुरानी पेंशन प्राप्ति का रास्ता पकड़ा है किंतु उत्तराखंड का कार्मिक सड़क से सदन तक सरकार को घेर कर पुरानी पेंशन हासिल करके रहेगा। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा की जिला कार्यकारणी व तीनों ब्लॉकों की कार्यकारणी हुंकार रैली को सफल बनाने के लिए प्रत्येक विभाग के कार्मिकों को जागरूक करेगी। जिला मीडिया प्रभारी एवं ऊखीमठ ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश गार्गी ने संयुक्त रूप कहा कि रैली में महिला कार्मिकों की अधिकतम भागेदारी सुनिश्चित की जाएगी। इस मौके पर राजकीय शिक्षक संघ जनपद रुद्रप्रयाग अध्यक्ष नरेश कुमार भट्ट ने राष्ट्रीय पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मोर्चा को राजकीय शिक्षक संघ का पूर्ण समर्थन प्रदान किया। इस मौके पर एनपीएस के तहत सेवानिवृत कार्मिक खेम सिंह रावत ने ऐलान किया कि वह अपनी एक महीने की पेंशन उत्तराखंड के मुख्यमंत्री और जनपद के विधायक को सौंपेगे कि वह इस राशि से एक महीने अपना घर चलाकर देखें। राजकीय शिक्षक संघ जनपद रुद्रप्रयाग से जिलाध्यक्ष नरेश कुमार भट्ट, उपाध्यक्ष शीशपाल पंवार ने पुरानी पेंशन हुंकार रैली को पूर्ण समर्थन प्रदान किया। मिनिस्ट्रियल फेडरेशन जिलाध्यक्ष रणजीत गुसाईं जिला महामंत्री सुखदेव सिंह बिष्ट, उपाध्यक्ष अंकित रावत, सदस्य भरोसी भारती ने सामूहिक रूप से पुरानी पेंशन हुंकार रैली को पूर्ण समर्थन देते हुए कहा कि पुरानी पेंशन योजना जरूरी है। बैठक का संचालन जिला मंत्री अंकुश नौटियाल ने किया। बैठक को नोप्रुफ जखोली ब्लॉक अध्यक्ष प्रवीण घिल्डियाल, राजकीय शिक्षक संघ उपाध्यक्ष शीशपाल पंवार, आशीष शुक्ला,विरेंद्र बिष्ट, नरेंद्र बिष्ट जी, पूर्व अध्यक्ष रणवीर पंवार जी, प्रमोद जगवाण जी, खेम सिंह रावत जी, सुधांशु बेंजवाल आदि ने संबोधित किया।

छात्रों को यातायात नियमों की जानकारी दी

नई टिहरी। राजकीय महाविद्यालय पावकी देवी में छात्रों को यातायात नियमों के पालन करने के साथ दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के बारे में जानकारी दी। छात्रों ने जागरुकता रैली निकालकर लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरुक किया।

महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. छाया चतुर्वेदी ने कहा कि ज्यादातर वाहन दुर्घटनाएं यातायात नियमों की अनदेखी करने से होती हैं। कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में मोड़ों हार्न जरुर बजाना चाहिए, चढ़ाई वाले वाले वाहन को पहले रस्ता देना चाहिए, ओवर स्पीड में वाहन को नहीं चलाना चाहिए। इसके साथ छात्रों को ट्रैफिक लाइट, जेबरा क्रासिंग, डिप्पर का प्रयोग करने, मानव रहित रेलवे क्रासिंग, हलमेट का प्रयोग सहित कई अन्य जानकारी दी गई। इस दौरान प्राचार्या ने छात्रों को यातायात नियमों के पालन की शपथ भी दिलाई।

वीर नारियों को किया सम्मानित

चमोली। जोशीमठ के रविग्राम खेल मैदान में 9वीं स्वतंत्र आईबेक्स ब्रिगेड ने अपने पूर्व सैनिकों एवं वीर नारियों के लिए एक दिवसीय रैली का आयोजन कर उनकी समस्याएं सुनीं। कार्यक्रम में पहुंचे ब्रिगेड कामांडर ने कहा कि सेना सदैव अपने पूर्व सैनिकों, विरांगनाओं एवं उनके आश्रितों के साथ खड़ी है और पूरा प्रयास रहेगा की इन लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। आयोजित कार्यक्रम में ब्रिगेड कमान्डर ने उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनीं व आश्वस्त किया कि प्राथमिकताओं के आधार पर समस्याओं का सैन्य स्तर से निपटारा किया जायेगा।

ब्रिगेडियर अमन आनंद, कमांडर आइबेक्स ब्रिगेड ने इस अवसर पर भूतपूर्व सैनिको व उनके आश्रितों तथा 1965 व 1971 और ओप्रेशन पवन में शहीद हुये सैनिकों की वीर नरियों से मुलाकात कर उन्हे सम्मानित किया। इस अवसर पर चमोली जिले के अर्जुन पदक विजेता और उत्तराखंड एथलैटिक्स खेल के कोच आकै सुरेन्द्र कनवासी को भी सम्मानित किया गया।

चमोली एवं रुद्रप्रयाग के लिए आयोजित इस पूर्व सैनिक रैली में 350 से अधिक पूर्व सैनिक और उनकी विरांगनाओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में कैन्टीन कार्ड व चिकित्सीय ईसीएच कार्ड भी वितरित किए गए तो वहीं लैंसडाउन से आयी टीम ने पूर्व सैनिकों एवं आश्रितों के सैन्य दस्तावेजों में हुई कमियों को सुधारा। साथ ही फैमली पैंसन में हुई त्रुटियों को भी सही किया। आयोजित कार्यक्रम में लोगों ने कर्णप्रयाग, घाट आदि क्षेत्र में मोबाइल सीएसडी कैन्टीन व्यवस्था लागू करने की मांग की साथ ही उपनल में सैनिकों के बच्चों को प्राथमिकता नही मिल रही है इस बात को भी उठाया गया। इस रैली में समस्याओ के निवारण हेतु विभिन्न प्रकार के स्टाल भी लगाये गए जिसमे आईबेक्स मेडिकल – डेंटल स्टाल व सीएसडी के अतिरिक्त जीआरआरसी (गढ़वाल राइफल रेजिमेंटल सेंटर), पीएनबी, एसबीआई, सीएचसी जोशीमठ से संबंधित अधिकारी भी रैली में उपस्थित थे, जिन्होने भूतपूर्व सैनिकों कि समस्याओं को सुना।

छात्र की बुलेट चोरी

रुड़की। छात्र की रात के वक्त बुलेट चोरी हो गई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने संदिग्धों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। गंगनहर कोतवाली को उदलहेड़ी कोतवाली मंगलौर निवासी छात्र रजत कुमार ने बताया कि वह आवास विकास में किराए का कमरा लेकर रहता है।

बीते रविवार को कमरे के बाहर से रात के वक्त बुलेट चोरी हो गई।

सिलगढ़ महोत्सव की तैयारियां शुरू

रुद्रप्रयाग। आगामी एक जनवरी से शुरू होने वाले तीन दिवसीय कृषि औद्योगिक एवं सिलगढ़ महोत्सव को लेकर सिलगढ़ विकास समिति ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। मेले में स्थानीय स्कूली बच्चों एवं महिला व युवक मंगल दलों की ओर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। सिलगढ़ विकास समिति के अध्यक्ष वीर सिंह रावत एवं संरक्षक ओपी बहुगुणा ने बताया कि हरवर्ष की तरह इस वर्ष भी एक जनवरी से 3 जनवरी तक सिलगढ़ महोत्सव आयोजित होगा। महोत्सव भव्यता को लेकर समिति ने तैयारी, प्रचार प्रसार व निमंत्रण देने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। समिति ने महोत्सव में महिला मंगल दल, युवक मंगल दल, स्कूली छात्रों एवं लोक संस्कृति में रूचि रखने वाले कलाकारों से अपील की है कि जो कालाकार बेटी बचाओ बेटी पढाओ, गढ़वाली संस्कृति, पर्यावरण संबंधी कार्यक्रम, झुमैलो आदि प्रस्तुति देना चाहते हैं वह, 30 दिसम्बर तक अपना पंजीकरण मेला समिति के पास करवा लें। इसके अलावा मेले में स्थानीय उत्पादों के साथ विभिन्न विभागों के सरकारी स्टाल भी लगाए जाएंगे। जिनसे आम जनता को विभागीय योजनाओं की जानकारियां दी जाएंगी।

बनियाड़ी में पांडव लीला का हुआ समापन

रुद्रप्रयाग। बनियाड़ी गांव में बीते 25 दिनों से चल रही पांडव लीला का प्रसाद वितरण के साथ समापन हो गया। पाण्डवों द्वारा अपने अस्त्र शस्त्र मंदिर में एकत्र किए। बनियाड़ी में पांडव लीला के दौरान प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग शामिल हो रहे थे। 21 नवंबर को पांडवों द्वारा मंदाकिनी नदी में स्नान करने के बाद गांव में भ्रमण किया गया ।

नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया

नई टिहरी। चंबा ब्लाक के जीआईसी ग्राम पंचायत बागी मठियाण गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक्शन एंड रिसर्च सोसाइटी देहरादून के सौजन्य से महंत इंद्रेश अस्पताल देहरादून के माध्यम ने निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया। जिसमें संस्था की अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नेहा जोशी ने बतौर मुख्य अतिथि प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर संस्था ने स्कूली बच्चों को स्वेटर भी वितरित की। जोशी ने इस मौके पर कहा कि मेरा उद्देश्य है कोई भी बच्चा बिना स्वेटर के न रहे। बच्चों को शिक्षा, स्वास्थ्य और भोजन की पर्याप्त सुविधा होनी चाहिए। शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ, लैब टेक्नीशियन, नाक–कान–गला, जनरल फिजिशियन एवं नेत्र रोग सहित विभिन्न रोगों की जांच की गई। लगभग सवा सौ से अधिक क्षेत्रवासियों ने इस शिविर का लाभ लिया।

वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के तहत किया जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से संवाद

चमोली। सीमावर्ती गांव क्षेत्रों के विकास के लिए संचालित वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम (जीवन्त ग्राम योजना) के तहत मुख्य विकास अधिकारी डा.ललित नारायाण मिश्र की अगुवाई में रेखीय विभागों के अधिकारियों ने कोडिया, देवलीबगड एवं घिंघराण में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों से सीधा संवाद किया गया।

इस दौरान सीमावर्ती ग्राम पंचायत नीती, मलारी एवं माणा गांव के विकास हेतु कार्ययोजना तैयार करने पर गहनता से चर्चा की गई और सीमांत गांवों में रहने वाले लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने एवं उनकी मूलभूत आवश्यकताओं तथा विकास की संभावनाओं को लेकर सभी के सुझाव लिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी रेखीय विभागों को निर्देशित किया कि प्राप्त सुझावों को शामिल करते हुए सीमावर्ती गांवों के विकास के लिए विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए।

बैठक में परियोजना निदेशक आनंद सिंह का मार्गदर्शन सहित मुख्य उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह, मुख्य कृषि अधिकारी वीपी मौर्य, सीवीओ डा.प्रलयंकर नाथ, खंड विकास अधिकारी एसएस भण्डारी सहित समस्त रेखीय विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

केदारनाथ के तीर्थपुरोहितों ने की डीएम से मुलाकात

रुद्रप्रयाग। केदारनाथ में आवास विहीन तीर्थ पुरोहितों को आवास उपलब्ध करवाने सहित अन्य कई मुद्दों को लेकर केदा-रसभा की कार्यकारिणी ने जिलाधिकारी से मुलाकात की साथ ही जरूरी कार्यवाही की मांग की है। केदारसभा के नवनियुक्त अध्यक्ष राजकुमार तिवारी के नेतृत्व मे एक शिष्टमंडल ने जिलाधिकारी मयूर दीक्षित से मुलाकात की और केदारनाथ से जुड़े विषयों पर वार्ता की। तीर्थ पुरोहितों ने कहा कि जिन तीर्थ पुरोहितों के पास केदारनाथ में रहने के लिए अभी तक आवास नहीं हैं, उन्हें शीघ्र आवास उपलब्ध करवाए जाएं। 2015 से अब तक जिन भी भूमि स्वामियों से जो भी अनुबंध हुए हैं, पहले उन्हें पूर्ण किया जाए, उसके बाद नए भवन स्वामियों से वार्ता की जाए। केदारनाथ में बन रहे प्लाजा का सम्पूर्ण तीर्थ पुरोहित समाज ने विरोध किया। कहा कि वर्ष 2015 या इसके बाद जिन भी भवनों का पूर्ण रूप से अधिग्रहण किया गया, रोजगार की दृष्टि से उन भवन स्वामियों से वार्ता कर उचित न्याय किया जाए। वर्ष 2013 की आपदा में पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए पौराणिक मंदिर जैसे – लक्ष्मीनारायण मंदिर, अन्नपूर्णा मंदिर, नव दुर्गा मंदिर, उदक कुण्ड का पुनर्निर्माण जल्द शुरू किया जाए। स्वच्छता की दृष्टि से यात्रियों की सुविधा के लिए कुछ स्थायी शौचालयों का निर्माण किया जाए। ताकि केदारनाथ धाम में स्वच्छता बपनी रहे। जिलाधिकारी ने तीर्थपुरोहितों की मांगों पर कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस मौके पर केदार सभा के पूर्व अध्यक्ष विनोद प्रसाद शुक्ला, महामंत्री राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, बिष्णुकान्त कुर्मांचली, प्रवीण तिवारी, उमेश चन्द्र पोस्ती, बृजेन्द्र शर्मा, केशव तिवारी, तेज प्रकाश त्रिवेदी, संतोष त्रिवेदी, अनिल बगवाड़ी समेत कई तीर्थ पुरोहित मौजूद थे।

घर में घुसकर छात्रा से अश्लीलता का आरोप

रुड़की। घर में घुसकर नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ करने तथा उसे जान से मारने की धमकी दिए जाने के आरोप में पीड़ित के परिजनों ने एक नामजद आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू की है।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी एक व्यक्ति द्वारा पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री गांव के ही स्कूल में पढ़ने के लिए जाती है। गांव का ही एक युवक आते जाते उसकी पुत्री के साथ छेड़छाड़ और अश्लील हरकत करता है। शनिवार को परिवार के अन्य लोग खेत पर गए हुए थे। तब उसकी पुत्री घर में अकेली थी। आरोपी उसकी पुत्री को अकेला पाकर घर में घुस गया और उसने उसके साथ अश्लीलता शुरू कर दी।

राज्य स्तरीय परीक्षा आज से शुरू होगी

रुड़की। भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की राज्य स्तरीय जांच परीक्षा 12 से 16 दिसंबर तक राष्ट्रीय इंटर कॉलेज रोहलकी किशनपुर में होगी। जिला सचिव राजेश सैनी ने बताया इस राज्य स्तरीय शिविर में जनपद हरिद्वार विभिन्न विद्यालयों के लगभग 300 बच्चे प्रतिभा करेंगे। बताया कि शिविर में वही बच्चे प्रतिभाग कर पाएंगे जिन्होंने एक साल पहले तृतीय सोपान (जनपद स्तरीय) में प्रतिभाग कर सफलता प्राप्त कर ली हो। राज्य स्तरीय जांच परीक्षा शिविर में प्रतिभाग कर, सफल होने वाले स्काउट गाइड प्रादेशिक मुख्यालय देहरादून द्वारा आयोजित होने वाली गवर्नर रैली में प्रतिभाग कर, राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किए जाएंगे।

जिला सचिव ने बताया कि पांच दिवसीय परीक्षा शिविर में बच्चों की विभिन्न विषयों की परीक्षा जैसे स्काउट के नियम, प्रतिज्ञा, सिद्धांत, सेल्यूट, बांया हाथ मिलाना, स्काउट /गाइड चिन्ह, स्काउट /गाइड आंदोलन की जानकारी, आग जलाना, कंपास की जानकारी, प्राथमिक चिकित्सा, अनुमान लगाना, पायनियरिंग, कैंप क्राफ्ट, टेंटपिचिंग, गेजेट्स आदि की परीक्षाओं से होकर गुजरना होगा।

आमजन को मिले बेहतर सुविधाओं का लाभ: डीएम

जिलाधिकारी ने ली नगर निगम, नगर पालिका व नगर पंचायतों की बैठक

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ीः नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत की वर्चुअल माध्यम से आयोजित बैठक में डीएम ने सभी पब्लिक सुविधाओं में बढ़ोतरी करने के निर्देश अफसरों को दिए। कहा कि निकायों की परिधि के सभी क्षेत्रों को साफ–सूथरा और सुंदर बनाने के लिए प्रस्ताव तीन दिन के भीतर उपलब्ध करवाए जाए।

बैठक में डीएम ने कहा कि नगर निगम, नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत द्वारा लोगों से टैक्स वसूला जाता है। यहां के स्थानीय लोगों की सुविधाओं में बढ़ोतरी के लिए हरसंभव प्रयास किए जाए। बैठक में कहा कि आंतरिक सड़क सुधारीकरण, पेयजल, विद्युत व्यवस्था, ड्रैनेज सिस्टम, विद्युतीकरण (हाईमास्क लाइटें), सीवरेज प्रबंधन, पार्किंग, रात्रि शेड निर्माण, सड़क व मार्गों किनारे गलत जगह लगे ऐसे विद्युत पोल को शिफ्ट करना जिससे अतिक्रमण को बढावा मिल रहा को तत्काल हटा लिया जाए। डीएम ने साफ कहा कि 3 दिन के भीतर सार्वजनिक स्थान पर एलईडी स्क्रीन लगाने, नाला सुधारीकरण, साफ–सफाई से संबंधित वाहन व उपकरण क्रय करने, पार्क सौन्दर्यीकरण, नए ट्रांसफार्मर लगवाने, पेयजल लाइन मरम्मत व निर्माण, बस अड्डा निर्माण, यात्री शैड निर्माण, मॉडर्न टॉयलेट निर्माण, बड़े कूड़ेदान आदि के प्रस्ताव तीन दिन के भीतर संबंधित एसडीएम, तहसीलदार व संबंधित विभागों को दिए जाए। इस मौके पर सीडीओ अपूर्वा पांडे, एसडीएम आकाश जोशी, आरटीओ अनिता चंद आदि शामिल थे।

मामूली विवाद पर युवक को घर में घुसकर पीटा

रुड़की। मामूली बात पर एक युवक को घर में घुसकर चार–पांच लड़कों ने मारपीट कर घायल कर दिया। परिजनों ने पुत्र का सिविल अस्पताल में उपचार कराया। परिजनों ने हमलावरों से जान और माल का खतरा भी बताया है। मामला दो समुदायों से जुड़ा होने पर विवाद की भी आशंका जताई जा रही है। गंगनहर कोतवाली को रामपुर निवासी मोहन सिंह ने तहरीर देकर बताया कि पुत्र अमन सिंह का अनस से दो दिन पूर्व मामूली बात को लेकर विवाद हो गया था। विवाद से अनस रंजिश रखने लगा। शाम के वक्त पुत्र वॉशिंग मशीन में कपड़े धो रहा था। इस बीच अनस अपने साथियों को लाठी–डंडों और अन्य हथियारों से लैस होकर घर में घुस आया। पुत्र को मारपीट कर घायल कर दिया। परिजनों से भी धक्का–मुक्की की गई। शोर–शराबा होने पर क्षेत्रवासी मौके पर पहुंचे। क्षेत्रवासियों को खुद को अपनी ओर आता देख हमलावर परिवार को मौका मिलने पर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार ने हमलावरों से जान माल का खतरा भी बताया है।

सम्पादकीय

संसद में संवाद नहीं?

मौजूदा सरकार की सोच संभवतः यह है कि संसद बहस या संवाद का मंच नहीं है। बल्कि यह विधायी कार्य के लिए है, जिसे जितनी जल्द संभव हो, निपटा लिया जाए। संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत से पहले ही विपक्ष का असंतोष सामने आया। कांग्रेस ने शिकायत की कि इस सत्र की अवधि इतनी छोटी रखी गई है कि उसमें देश के सामने मौजूद जरूरी मुद्दों पर चर्चा का समय नहीं मिलेगा। छोटे से सत्र में पारित कराने के लिए 25 विधेयक सूचीबद्ध किए गए हैं। इनमें दो ऐसे हैं, जिन्हें वित्त विधेयक की श्रेणी में रखा गया है। इन सभी विधेयकों पर चर्चा के लिए कुल 56 घंटे रखे गए हैं। यानी हर बिल के लिए सवा दो घंटों से भी कम! और फिर दूसरे सवाल हैं, जिन पर विपक्ष चर्चा चाहता है। लेकिन सरकार की सोच संभवतरू यह है कि संसद बहस या संवाद का मंच नहीं है। बल्कि यह विधायी कार्य के लिए है, जिसे जितनी जल्द संभव हो, निपटा लिया जाए। जब दलगत अनुशासन की ऐसी संसति बन गई है कि पार्टियों के अंदर मतभेद की गुंजाइश नहीं बची है, तब विधायी कार्य को लेकर किसी के मन में क्या संशय हो सकता है? अगर पार्टी और सरकार के नेतृत्व ने कोई कानून बनाना सोच लिया और उस पार्टी का संसद में भारी बहुमत है, तो बिल का पारित होना तय है। इस रूप में संसद की भूमिका पर अवश्य ही बहस खड़ी होगी। कभी संसद के सत्र का आम जन के एक बड़े हिस्से को इसलिए इंतजार रहता था कि उसे वहां जन मानस को परेशान कर रहे मुद्दों पर सार्थक चर्चा और उसके आधार पर राजनीतिक आम सहमति उभरने की उम्मीद रहती थी। ऐसी ही उम्मीदों के कारण लोकतंत्र को विमर्श से चलने वाला शासन समझा जाता है। और इसीलिए जब विमर्श और आम सहमति की संभावनाएं खत्म होती दिखती हैं, तो देश के लिए भविष्य के लिए चिंता पैदा होती है। आखिर जन मानस की भावनाएं की जन प्रतिनिधियों के माध्यम से व्यक्त नहीं होंगी, तो मन का गुबार दूसरे माध्यमों से निकलेगा। फिर संसद का विमर्श सरकार की जवाबदेही तय करने के लिए भी अनिवार्य समझा जाता है। अगर जवाबदेही ना हो, तो फिर लोकतंत्र का कोई अर्थ ही नहीं बचता। बेहतर होगा कि वर्तमान सरकार इन बारीक बातों पर ध्यान दे।

कटी हुई टहनियां कहा छांव देती है'!

हद से ज्यादा उम्मीदें हमेशा घाव देती है'!!

जगदीश सिंह सम्पादक

बदलते परिवेश में देश के भीतर पश्चिमी सभ्यता की हवा सुनामी बनती जा रही है।जरा आप गौर करें! क्या सब कुछ बदला बदला नहीं लग रहा है! शाम होते ही गांवों में सियापा घरों में सन्नाटा, उल्लुओं की कर्कश आवाज के बीच सिहरन पैदा करती पटुआ हवा के साथ गुलाबी ठंडक लिहाफ में जिन्द्री बन गई बन्धक,मगर आसमान में वही पुराने जगमग करते तारे जो सदियों पहले थे आज भी उनके है वहीं नजारे! लेकिन अब इन्सानी बस्तियों में पहले वाली बात नहीं।बीरान सुनसान रात में कहीं भी अब नहीं सुनाई देती चौकीदार की आवाज जागते रहो! कहीं नहीं सुनाई देती दरोगा जी के बुलेट की बुलन्द आवाज!,अब गांवों में रात को पुलिस की नहीं होती गश्त! चोर अपराधी भी हो गए है आश्वस्त हैं?बेखौफ अपराध कर हो जाते हैं मस्त! कार्तिक मास में आसमान पर साइबेरियन पक्षियों का पक्ति बद्ध उड़ता हुआ कारवां

जो कभी किसानों के लिए बुआई का सन्देश देता था अब कहीं नहीं दिखाई देता!दरवाजे पर खडरीच पक्षी का आगमन शुभ सन्देश देता था! जब भीषण शीतलहर चलती थी तब भी गन्ना पेराई रातभर चलता था कडाहे में उबलते गुड की सुगन्ध हवा में मिलकर मदमस्त फिजा का निर्माण करता था! दरवाजे दरवाजे आग कि ब्यवस्था पालतू जानवरों का सहारा होता था! गजब का नजारा रहता था! पूरी रात गांवों में हलचल रहता! मगर समय का खेल देखिए किसानी का तरीका बदल गया! लोगों का सलीका बदल गया!जीवन पद्धति दुर्गति का कारण बन गयी! भाई चारगी खत्म, आपसी मेल गांवो में होने वाली चिकई,कबड्डी लखनी का खेल! गांवों में बैल कोल्हू से निकलने वाला शुद्ध तेल! सब दिवास्वप्न हो गया!सुबह सुबह बिना घड़ी देखें भी घर का मुखिया आवाज देने लगता भोर हो गया अजान होते ही शोर हो गया! कहीं गाये रम्भाती,कहीं बछड़े चिल्लाते, दरवाजे पर बैलों के गले की घन्टिया अजीब तरह का माहौल बनाती!दरवाजे दरवाजे ढेबरी लालटेन के उजाले में पढ़ते छात्र ,भोरहरी में घर घर चक्कियों से निकलती घर्र घर्र के साथ भजन गाती गृहीणीयो की सुरीली आवाज कभी परवाज चढ़ती थी! अब तो लगता ही नहीं है गांव गांव रहा गया!भारतीय परम्परा भारतीय संसति का लोप हो गया!गांवों का देश कहा जाने वाला भारत बिलासिता के बवंडर में फंस कर अपने मूल का समूल नाश कर दिया है! बाग बगीचे उजड़ गए! पशु पक्षी बिलुप्त हो गए! इतिहास की बात बनकर परिवार संयुक्त हो गएआधुनिकता की चकाचौंध में डोली कहार बारात में द्वाराचार परम्परा खत्म हो गयी! शिष्टाचार से परिवार के सुसंस्त होने का फार्मूला बदल गया! शादी बिबाह को जन्म जन्म का बन्धन मानकर औरत को लक्ष्मी स्वरुपात का दर्जा देकर भाग्य के सहारे स्वीकार कर आजीवन निर्वाह की परम्परा अधमरा हो गई?अब तो इस लालची समाज में आज बहुओं को लाने के लिए बेटों की कीमत बताई जा रही! दहेज के लिए किसी की लाडली जिन्दा जलाई जा रही है?।परिवर्तन का दौर है साहब! जिस बेटा को दहेज के नाम पर बेच दिया वहीं बेटा बहू के आते ही महज चन्द महीनों में अपने मां बाप को दिल से निकाल कर दें क दिया! फिर काहे का पश्चाताप, क्यों करते हो भाई बिलाप! जो बोया है वही तो काटेगा।रिश्ता तो किया नहीं! किया तिजारत! तो फिर किस बात की ढूंढते हो इज्जत ! जब

शादी बिबाह को जन्म जन्म का बन्धन मानकर औरत को लक्ष्मी स्वरुपात का दर्जा देकर भाग्य के सहारे स्वीकार कर आजीवन निर्वाह की परम्परा अधमरा हो गई?अब तो इस लालची समाज में आज बहुओं को लाने के लिए बेटों की कीमत बताई जा रही! दहेज के लिए किसी की लाडली जिन्दा जलाई जा रही है?।परिवर्तन का दौर है साहब! जिस बेटा को दहेज के नाम पर बेच दिया वहीं बेटा बहू के आते ही महज चन्द महीनों में अपने मां बाप को दिल से निकाल कर दें क दिया! फिर काहे का पश्चाताप, क्यों करते हो भाई बिलाप! जो बोया है वही तो काटेगा।रिश्ता तो किया नहीं! किया तिजारत! तो फिर किस बात की ढूंढते हो इज्जत ! जब औलाद को बिकने का सामान बना दिया जो खरीद्दार था माकूल कीमत देकर लिया फिर हक कैसा?उसकी दुकान है जिसको चाहे नौकर बना कर रखें या कर दे घर से बाहर !

औलाद को बिकने का सामान बना दिया जो खरीद्दार था माकूल कीमत देकर लिया फिर हक कैसा?उसकी दुकान है जिसको चाहे नौकर बना कर रखें या कर दे घर से बाहर !खुद के लिए तबाही की तिजारत करने वाले अपने लिए खुद बर्बादी का गड्ढा खोद रहे हैं।जब की पता है उनको जो कुछ औलाद की बिक्री में मिलेगा उसका उस पर कोई अधिकार नहीं! फिर भी ब्यापार कर रहा है स्वार्थी इन्सान!बदलता समाज में जो आज हो रहा है उसका जिम्मेदार लालची समाज ही है।अदालतो में सम्बन्ध बिच्टेद के मुकदमों की भरमार है !रिश्तों की तिजारत में इज्जत हो रही तार तार है! अब न किसी से किसी का प्यार है! न इकरार है! स्वार्थ के चलते हो रहा तकरार है्! आधुनिक समय में अच्छी शिक्षा ही मां बाप को भिक्षा मंगवा रही है! होश सम्हालते ही हास्टल में आया के सहारे जिसने बचपन गुजारा वो कैसे हो सकता है मां बाप का दुलारा!जिस तरह से प्यार दुलार से बन्चित रहकर जीवन संचित किया उसी तरह से वह भी परिवारिक रस्म पूरी होते ही बिरक्ती की राह पकड़ कर आशक्ति के वशीभूत अपनी जिन्द्री में एकाकी ब्यवस्था से दोस्ती बना लें रहा है !जिसने बचपन से आया के सहारे जिया मां बाप को भी आया ही समझ रहा है !जो बीज कोई बोएगा वहीं तो काटेगा भाई।गड्ढ़ा खोदे तुम तो कौन पाटेगा!जिसको संस्कार मिला ही नहीं वह संस्कार से कैसे रहेगा!जस करनी तस भोगहू ताता!वास्तविकता के धरातल पर संस्कार बीहीन परिवार ही आज गुनाहगार साबित हो रहे हैं! जिसने साफगोई से अपनी औलादी फसल को संस्कार के पानी से सींचकर तैयार किया वह परिवार आज भी सुख सम्बृधि की लहलहाती फसल को काट रहे हैं!समाज में सत्कर्म सद्भाव, सम्भाव समरसता का सन्देश देकर पुरातन परम्परा,भारतीय मूल्यों के सम्वर्धन,भारतीय संसतियो से सुसज्जित समर्पण का उदाहरण बन रहा है। वक्त के साथ बदलना मजबूरी है !मगर आपने वजूद को भी संरक्षित रखना जरूरी है।

'बहम था की सारा बाग अपना है'!! 'तूफान के बाद पता चला सूखे पत्तों पर भी हक हवाओं का है

विपक्षी एकता आर्थिक भी हो

हरिशंकर व्यास

आमतौर पर विपक्षी पार्टियों के बीच राजनीतिक और चुनावी एकजुटता की बात होती है। हर चुनाव से पहले कहा जाता है कि पार्टियां एक दूसरे से सहयोग करें, एक दूसरे के खिलाफ उम्मीदवार न उतारें, वोट काटने की राजनीति न करें आदि आदि। लेकिन इस राजनीतिक एकजुटता के साथ साथ आर्थिक एकजुटता भी जरूरी है। देश की कई पार्टियां हैं, जिसमें कांग्रेस भी शामिल है, जिनके पास बड़ा आधार है, संगठन है, नेता हैं लेकिन धन नहीं है। संसाधन नहीं है। केंद्र में भाजपा की सरकार बनने के बाद चुनावी चंदे का रास्ता बंद कर दिया गया है। पार्टियों को मिलने वाला चंदा बंद सा है। इलेक्टोरल बांड के सिस्टम से जो चंदा मिलता है उसका 90 फीसदी भाजपा के खाते में जाता है। करपोरेट के ऊपर निगरानी और अंकुश है कि वे विपक्षी पार्टियों को चंदा न दें। जहां विपक्षी सरकारें हैं वहा भी ठेके-पट्टे से कमाई या तो बंद या कम हो गई है क्योंकि केंद्रीय एजेंसियां सक्रिय हैं। लगभग सभी राज्यों में सरकारों के लिए धन का बंदोबस्त करने वाले कारोबारियों पर छापे पड़े हैं या जांच चल रही है।

ऐसे समय में जरूरी है कि जिन पार्टियों के पास संसाधन हैं वे दूसरी पार्टियों की मदद करें। सिर्फ राजनीतिक मदद या तालमेल पर्याप्त नहीं है। भाजपा का मुकाबला करने के लिए बेहिसाब संसाधन की जरूरत पड़ेगी। क्या किसी विरोधी पार्टी का दिल इतना बड़ा है कि वह दूसरी पार्टियों के लिए अपना खजाना खोले? ध्यान रहे बिहार में नई पार्टी बनाने से पहले प्रशांत किशोर पदयात्रा कर रहे हैं और नई राजनीति की जमीन तलाश रहे हैं, उन्होंने कई बार कहा कि देश के कई राज्यों में उन्होंने नेताओं और पार्टियों की मदद की तो अब वे लोग उनकी मदद कर रहे हैं। सो, क्या प्रशांत किशोर की मदद करने वाली पार्टियां वैसी ही मदद दूसरी विपक्षी पार्टियों की कर सकती हैं?

सो यदि कोई बड़ा नेता इस बात की पहल करता है कि विपक्षी पार्टियों में एकजुटता बने। सबके लिए विन विन सिचुएशन हो तो साथ में संसाधनों का एक साझा कोष बनवाना भी जरूरी है। भाजपा मीडिया के ऊपर और सोशल मीडिया में बेहिसाब खर्च करती है। वह चुनाव प्रचार में पानी की तरह पैसा बहाती है। विपक्षी पार्टियां उस तरह से तो नहीं कर सकती हैं लेकिन साझा कोष बना कर साझा प्रचार का जरूरत भर खर्च का इंतजाम कर सकती है ताकि सारी पार्टियां ठीक से चुनाव लड़ सकें। उनका प्रचार ठीक से हो। चुनाव का प्रबंधन भी ठीक से हो। तेलंगाना, तमिलनाडु, महाराष्ट्र आदि राज्यों की भाजपा विरोधी पार्टियां सक्षम हैं। वे दूसरी पार्टियों की मदद कर सकती हैं। अगर तालमेल होता है तो झारखंड में जेएमएम कांग्रेस और राजद को लड़वा सकती है और पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी चाहें तो कांग्रेस और लेफ्ट के लिए बंदोबस्त कर सकती हैं। राजनीति के साथ साथ संसाधनों के इंतजाम पर भी विरोधियों को ध्यान देना होगा।

चुनाव : सबके लिए निहित है संदेश

डा.सीपी.राय

कल ही गुजरात और हिमाचल प्रदेश के साथ विभिन्न प्रदेशों के चुनाव परिणाम आए और एक दिन पहले दिल्ली नगर निगम के परिणाम भी जनता ने देखा। ये चुनाव राजनीतिक समीक्षको के लिए अध्ययन का विषय है तो दलों के लिए आत्मचिंतन का।

गुजरात में लगातार फिर भाजपा जीती है और पहले के रिकर्ड तोड़ कर जीती है पर उसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को दिल्ली छोड़कर दिन-रात एक करना पड़ा और किसी स्थानीय नेता की तरह रोज कई सभा करनी पड़ीं, अपने सम्मान का हवाला देना पड़ा, लंबे रोड मार्च निकालने पड़े तो मीडिया के सहयोग से चुनाव के दिन को भी प्रचार के लिए उपयोग किया गया। महाराष्ट्र की योजनाओं (उद्योग) को गुजरात ले जाकर उसका फायदा उठाया गया तो विरोधी दल मतदान के दूसरे दिन 5 बजे के बाद 16 या 18 लाख अधिक मतदान होने से लेकर तरह तरह के आरोप भी लगा रहे हैं। ईवीएम तो हर हारे हुए चुनाव का मुद्दा है ही।

मीमांसा इस बात की भी करनी होगी कि भाजपा की सिर्फ सीट ही नहीं बढ़ी पर पहले से 4 फीसद वोट भी बढ़ा और इसका पूरा श्रेय मोदी जी की मेहनत और रणनीति को तो देना ही होगा। क्योंकि एक खबर ये भी छाई रही कि आरएसएस ने इस चुनाव से दूरी बनाए रखा। हिमाचल का यूं तो अमेरिका की तरह इतिहास रहा है सरकार बदलने का, पर इस बार मोदी जी का ये नारा कि श्बदलाव के भाव को अब बदलें अगर केंद्र का लाभ लेना हो, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का वहां पूरे समय केंप करना और मंत्रियों के फौज के साथ आक्रामक अभियान चलाना इस प्रदेश के पहाड़ की सर्दी के भाजपा को गर्मी का एहसास करवा गया।

दूसरी तरफ कांग्रेस ने यहां प्रियंका गांधी को उतार दिया, जिन्होंने उत्तर प्रदेश के अनुभव से सबक लेकर यहां के लिए रणनीति बनाई और स्थानीय मुद्दों के साथ पेंशन को मुद्दा बना कर एक बड़े वर्ग को अपने साथ जोड़ा। दिल्ली एमसीडी के परिणाम पर बड़ी बहस नहीं है क्योंकि वो मुफ्त में मिलने वाली चीजों का परिणाम है पर केजरीवाल की टोपी में एक कलगी तो और लग ही गई, जहां गुजरात के मत प्रतिशत ने आम आदमी पार्टी (आप) को राष्ट्रीय पार्टी की मान्यता की तरफ पहुंचा दिया। उत्तर प्रदेश के उपचुनाव पर भी राजनीतिक दलों और समीक्षकों की निगाह थी। यहां शिवपाल सिंह यादव का साथ काम आया और अकेले उनके क्षेत्र से एक लाख से ज्यादा वोट की लीड मिली तथा मनोवैज्ञानिक वातावरण ऐसा बना कि मुख्यमंत्री योगी और उनकी पूरी फौज इस माहौल के आसपास भी नहीं पहुच सकी।

दूसरी तरफ खतौली में भाजपा का मजबूत मतदाता त्यागी समाज भाजपा के खिलाफ चला गया जिससे वहा भाजपा हार गई, जबकि रामपुर में सत्ता और प्रशासन ने वही किया जो लोक सभा उप चुनाव में किया था और जहां चुनाव आयोग अपील करता है कि वोट बढ़ाए। ओडिशा की बात करें तो वहां नवीन पटनायक ने अपना कब्जा बरकार रखा।

हां, बिहार में भाजपा की जीत व्यापक गठबंधन के लिए सीख देकर गई है कि जातिगत चीजों के प्रति अति आग्रह बुरा भी साबित हो सकता है। कुल मिलाकर ये चुनाव सभी दलों और नेताओं को अपने-अपने सबक देकर गया है। भाजपा को सबक है की राजनीतिक दल को दल ही रहने दें। इंसानों और कार्यकर्ताओं वाला दल जिसके पास दिल भी हो, भावनाएं भी और सरोकार भी वरना बहुत दिनों तक सिर्फ जुमलों, वादो और मीडिया की पीठ पर चढ़ कर नहीं दौड़ा जा सकता है।

कांग्रेस को तो काफी सबक लेने होंगे क्योंकि वो आज तक विपक्ष की धार और रणनीति से दूर है और लंबी सत्ता के खुमार से बाहर ही नहीं आ पा रही है। राहुल और प्रियंका को उत्तर प्रदेश के लिए वही रवैया अपनाना होगा जो मोदी जी ने गुजरात के लिए अपनाया और अपने पुराने तौर-तरीकों में

कांग्रेस को तो काफी सबक लेने होंगे क्योंकि वो आज तक विपक्ष की धार और रणनीति से दूर है और लंबी सत्ता के खुमार से बाहर ही नहीं आ पा रही है। राहुल और प्रियंका को उत्तर प्रदेश के लिए वही रवैया अपनाना होगा जो मोदी जी ने गुजरात के लिए अपनाया और अपने पुराने तौर-तरीकों में व्यापक परिवर्तन करना ही होगा। उत्तर प्रदेश में फिलहाल समाजवादी पार्टी ही दूसरी पार्टी है पर पिछले चुनाव में सीधे आमने-सामने का चुनाव हो जाने और उसी आधार पर वोट पडने के बावजूद वो सरकार के खिलाफ की जनता को खुद से नहीं जोड़ पाई और उसके लिए अखिलेश यादव की अपनी कमजोरियां, आत्ममुग्धता, अति आत्मविश्वास इत्यादि कई कारक जिम्मेदार हैं ।

व्यापक परिवर्तन करना ही होगा।

उत्तर प्रदेश में फिलहाल समाजवादी पार्टी ही दूसरी पार्टी है पर पिछले चुनाव में सीधे आमने-सामने का चुनाव हो जाने और उसी आधार पर वोट पडने के बावजूद वो सरकार के खिलाफ की जनता को खुद से नहीं जोड़ पाई और उसके लिए अखिलेश यादव की अपनी कमजोरियां, आत्ममुग्धता, अति आत्मविश्वास इत्यादि कई कारक जिम्मेदार हैं और अब जल्दी उसे उतना अच्छा चुनाव मिलता नहीं दिख रहा है बशर्ते वो खुद में व्यापक बदलाव न ला दे और व्यापकता न अपना ले। उसे अपने खास लोगों को भी सिखाना होगा कि उनका अहंकार या बुरी भाषा और व्यक्तिगत आक्रामकता पार्टी को नुकसान करती है। कुल मिला कर परिश्रम, समर्पण, विनम्रता, जन के लिए सहजता और स्वीकार्यता ही लोकतंत्र का हथियार है।

सीजनल अफेक्टिव डिसर्डर क्या है? जानिए इसके कारण, लक्षण और बचाव के उपाय

हर मौसम अपने साथ अलग-अलग तरह की बीमारियां लाता है और सर्दियों में हार्ट अटैक समेत सीजनल अफेक्टिव डिसअर्डर जैसी बीमारियों का खतरा सबसे ज्यादा बढ़ जाता है। सीजनल अफेक्टिव डिसअर्डर (ख्ष्ठ) एक मानसिक समस्या है, जिसे विंटर डिप्रेशन भी कहा जाता है। यह दैनिक कामकाज को काफी प्रभावित कर सकती है। आइए आज हम आपको सीजनल अफेक्टिव डिसअर्डर के कारण, लक्षण और बचाव के उपाय बताते हैं।

सीजनल अफेक्टिव डिसअर्डर क्या है?

सीजनल अफेक्टिव डिसअर्डर एक प्रकार का डिप्रेशन है, जो मौसमी बदलाव से शुरू होता है। आमतौर पर सर्दियों के दौरान इसके होने की संभावना ज्यादा रहती है। सर्दियों में दिन छोटे होते हैं तो लोग खुद को उदास महसूस करने लगते हैं और वसंत के लंबे दिनों में खुद को बेहतर महसूस करना शुरू कर देते हैं। कुछ मामलों में सीजनल अफेक्टिव डिसअर्डर से ग्रस्त व्यक्ति के कार्य करने के तरीके पर इसका गंभीर प्रभाव पड़ सकता है।

सीजनल अफेक्टिव डिसअर्डर के लक्षण

इस डिसअर्डर से ग्रस्त लोग खुद को उदास और परेशान महसूस कर सकते हैं। इसी तरह वह अपनी भूख या वजन में बदलाव का अनुभव करते हुए ऊर्जा की कमी महसूस कर सकते हैं। इससे ग्रस्त लोग अपनी पसंदीदा गतिविधियों में भी रुचि खो सकते हैं। उन्हें ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई हो सकती है और सुस्त महसूस कर सकते हैं। उनके मन में आत्महत्या के विचार आ सकते हैं और अधिक सोने का भी अनुभव कर सकते हैं।

सीजनल अफेक्टिव डिसअर्डर के कारण

सीजनल अफेक्टिव

डिसअर्डर के कारण अभी भी अच्छी तरह से स्पष्ट नहीं हैं। हालांकि, कुछ कारकों का इसके साथ संबंध पाया गया है। शरीर में होने वाले हार्मोंस बदलाव भी इसके जिम्मेदार हो सकते हैं। सूर्य की रोशनी के संपर्क में कम आने से बायोलजिकल वच प्रभावित होता है और इससे शरीर के हार्मोन्स के उत्पादन पर असर पड़ता है। इस वजह से भी यह डिसअर्डर हो सकता है।

किन लोगों को इस डिसअर्डर का है ज्यादा खतरा?

कई शोध के मुताबिक, सीजनल अफेक्टिव डिसअर्डर का खतरा पुरुषों की तुलना में महिलाओं को ज्यादा होता है। ज्यादातर मामलों में यह डिसअर्डर किशोरावस्था में शुरू हो जाता है। इसके अतिरिक्त पहले से अवसाद ग्रस्त लोगों, बाइपोलर डिसअर्डर के रोगी और अटेंशन डेफिसिट हाइपरएक्टिविटी डिसअर्डर के लोगों को इसका ज्यादा खतरा रहता है। ईटिंग डिसअर्डर, स्ट्रेस या पैनिक डिसअर्डर से ग्रसत लोगों को भी इसका खतरा रहता है।

सीजनल अफेक्टिव डिसअर्डर से बचाव के उपाय

यदि आपने पहले सीजनल अफेक्टिव डिसअर्डर का अनुभव किया है तो उपचार जल्दी शुरू करने से आप बेहतर स्थिति में हो सकते हैं। इसके लिए अपने चिकित्सक से परामर्श करें। इस डिसअर्डर वाले लोगों में अक्सर विटामिन-डी की कमी होती है। ऐसे में विटामिन-ष्ठ के सप्लीमेंट्स इसके लक्षणों को सुधारने में मदद कर सकते हैं।

योगा पैंट्स को डेली वियर के तौर पर पहनने के लिए अपनाएं ये 5 तरीके

आजकल एथलेजर वियर काफी ट्रेंड में है, जिसमें स्पोर्ट्स वियर और फैशन का अच्छा संयोजन होता है। इसका मतलब है कि आप अपने योगा पैंट्स और लेगिंग्स आदि को सिर्फ एक्सरसाइज के दौरान ही नहीं, बल्कि डेली वियर के तौर पर भी पहन सकती हैं। हाल ही में क्लाउडटेलर की फैशन डिजाइनर नमिता कुरापति ने बताया कि योगा पैंट्स को डेली वियर की तरह कैसे पहनना चाहिए ताकि इससे आपको स्टाइलिश लुक मिले।

शर्ट और ब्लेजर के साथ पहनें

योगा पैंट को स्टाइलिश तरीके से स्टाइल करने के लिए महिलाएं इसे शर्ट और ब्लेजर के साथ पहन सकती हैं। इससे आपको एक फर्मल लुक मिलेगा, जो हर दिन अफिस में पहनकर जाने के लिए एकदम सही है। इसके लिए अपनी योगा पैंट को एक बटन-डाउन लन्ग शर्ट समेत काले रंग के ब्लेजर के साथ पहनें और अंत में स्टाइलिश लोफर्स पहनकर अपने लुक को पूरा करें।

स्वेटर के साथ पहनें

आरामदायक और चिक विंटर लुक के लिए आप अपनी काले रंग की योगा पैंट क्रीम रंग के ओवरसाइज्ड स्वेटर के साथ पहन सकती हैं। अगर बहुत ठंड है तो कूल और ट्रेंडी लुक के लिए स्वेटर के ऊपर डेनिम जैकेट भी पहन सकते हैं। अगर आप अपने इस लुक को कलरफुल बनाना चाहते हैं तो लाल, हरे या पीले जैसे रंग के स्वेटर को भी चुन सकती हैं। ओवर-द-नी बूट्स के साथ अपने लुक को पूरा करें।

ड्रेस के साथ स्टाइल करें

अगर आप अपने स्टाइल के साथ प्रयोग करना चाहती हैं तो योगा पैंट को एक सुंदर ए-लाइन या स्लिप ड्रेस के साथ पहनें।

सर्दियों के दौरान आप योगा पैंट को ड्रेस समेत एक स्ट्रक्चर्ड ट्रेंच कोट या एक बड़े आकार के कार्डिगन के साथ भी पहन सकती हैं। आप इस लुक को न सिर्फ अफिस, बल्कि कैजुअल गेट-टूगेदर के दौरान भी कैरी कर सकती हैं। हील एंकल लेंथ बूट्स के साथ अपने लुक को पूरा करें।

स्कर्ट के साथ पहनें

चिक और फैशनेबल लुक के लिए आप अपनी योगा पैंट को फ्लोई मिनी स्कर्ट के साथ भी पहन सकती हैं। आप इसे एक बेज रंग की टर्टलनेक टप और एक टोपी के साथ पहन सकती हैं। यह लुक शपिंग या डिनर डेट के लिए बेहतरीन है। वहीं, क्रसबडी बैग, न्यूड मेकअप, मिनिमल ज्वेलरी और क्लासिक स्नीकर्स के साथ अपने लुक को पूरा करें।

बाइकर जैकेट के साथ स्टाइल करें

आप इस सर्दियें में एजी और कूल लुक के लिए योगा पैंट को काले रंग की लेदर बाइकर जैकेट के साथ पहन सकती हैं। आप जैकेट के अंदर एक आरामदायक टप और फुटवियर के तौर पर एंकल बूट्स पहन सकती हैं। यह लुक गेट-टूगेदर के लिए अच्छा है। वहीं, इसके साथ मेकअप को न्यूड टोन में ही रखें। इससे आपको एक अलग ही लुक मिलेगा।

पेरिस : झड़प के बाद 40 लोग हिरासत में

पेरिस ,एजेंसी। फ्रांस की राजधानी पेरिस में मोरक्को फुटबल टीम के प्रशंसकों और पुलिस के बीच हुई झड़प में के बाद करीब 40 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने 40 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया है। उल्लेखनीय है कि मोरक्को की राष्ट्रीय फुटबल टीम विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली इतिहास की पहली अफ्रीकी टीम बन गई है। मोरक्को की टीम बुधवार को टूर्नामेंट के अगले चरण में फ्रांस के खिलाफ खेलेंगी।

फिलीपींस : बाढ़ में बहा वाहन, 8 मरे

मनीला ,एजेंसी। फिलीपींस के रिजाल प्रांत में एक यात्री वाहन के बाढ़ में बह जाने से उसमें सवार एक बच्चे समेत आठ लोगों की मौत हो गयी है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह दुर्घटना स्थानीय समयानुसार बीती रात नौ बजे हुई। एक यात्री वाहन 25 लोगों को लेकर एक गांव से शहर की ओर जाते समय रास्ते में नदी पार कर रहा था। नागरिक आपदान्यूनीकरण प्रबंधन कार्यालय के प्रमुख नरबेरटो फ्रांसिस्को मेटिएंजो ने बताया कि नदी पार करने के दौरान वाहन बीच नदी में फंस गया। इसी बीच नदी में बाढ़ का तेज बहाव आने से वाहन पानी के साथ बह गया।

ईरान ने आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप पर ऑस्ट्रेलिया की निंदा की

तेहरान ,एजेंसी। ईरान ने अस्ट्रेलिया के ईरानी व्यक्तियों एवं संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाने की निंदा करते हुए इसे देश के आतंरिक मामलों में हस्तक्षेप बताया है।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने मंत्रालय के एक बयान में कहा कि आस्ट्रेलिया सरकार सालों से आस्ट्रेलिया के स्वदेशी नागरिकों , कैदियों और शरणार्थियों के मूलभूत अधिकारों का उल्लंघन कर रही है। उन्होंने कहा कि अस्ट्रेलिया ने ईरान विरोधी आतंकवादी और अलगाववादी समूहों को भी शरण दी है। इससे पहले दिन में अस्ट्रेलिया सरकार ने छह ईरानियों और ईरान की नैतिकता पुलिस और बासिज स्वयंसेवी बल पर प्रतिबंधों की घोषणा की, जिसे वह मानवाधिकारों के उल्लंघन और दुर्व्यवहार कहते हैं। 22 वर्षीय महसा अमिनी की 16 सितंबर को तेहरान के एक अस्पताल में मौत हो जाने के बाद ईरान में विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए थे। ईरान ने अमेरिका और कुछ अन्य पश्चिमी देशों पर देश में दंगे भड़काने और आतंकवादियों का समर्थन करने का आरोप लगाया।

पेरू की नए राष्ट्रपति ने कैबिनेट में शपथ ली

लीमा ,एजेंसी। पेरू की राष्ट्रपति दीना बोलुआर्टे ने शनिवार को अपने मंत्रिमंडल में शपथ ली और सदस्यों से भ्रष्टाचार के त्यों के बिना अपने कर्तव्यों का पालन करने के लिए कहा।सुश्री बोलुआर्टे ने प्रधानमंत्री के रूप में पेड्रो एंगुलो अराना की अध्यक्षता वाली अपनी पहली मंत्रिपरिषद में 17 मंत्री पदों के लिए नौ पुरुषों और आठ महिलाओं को नियुक्त किया है। श्रम और रोजगार प्रोत्साहन, परिवहन और संचार मंत्रालयों के प्रमुखों की नियुक्ति अभी बाकी है। सुश्री बोलुआर्टे ने स्थायी नैतिक अक्षमता के लिए कांग्रेस द्वारा महाभियोग वोट में अपने पूर्ववर्ती पेड्रो कैस्टिलो को हटाए जाने के बाद बुधवार को पेरू के राष्ट्रपति पद को ग्रहण किया।विधायकों से आह्वान किया कि वे अपनी सरकार को आगे बढ़ाने के लिए उन्हें राजनीतिक संघर्ष दें, यह वादा करते हुए कि वह भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगी, वह कांग्रेस में विभिन्न राजनीतिक समूहों के साथ संवाद कर रही है।

जम्मू-कश्मीर में स्थानीय प्रशासन फिलहाल नहीं चाहता चुनाव

1 साल तक इलेक्शन न कराने का दिया सुझाव

नई दिल्ली, एजेंसी। चुनाव आयोग भले ही मार्च के बाद कभी भी जम्मू-कश्मीर में चुनाव कराने को तैयार हो और वहां की राजनीतिक पार्टियां भी जल्द-से-जल्द चुनाव कराने की मांग कर रही हों, लेकिन आतंकवाद को जड़ से खत्म करने में जुटे स्थानीय प्रशासन के अधिकारी इसके पक्ष में नहीं हैं।

जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से सबसे अधिक प्रभावित जिलों पुलवामा, अनंतनाग, सोपियां, अवंतिपुरा, बडगाम के स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों की माने तो आतंकी नेटवर्क के खिलाफ बने माहौल को स्थायी बनाये रखने के लिए मौजूदा सिस्टम को कम-से-एक साल का समय और दिया जाना चाहिए। इन जिलों के अधिकारी राजनीतिक मुद्दों पर आधिकारिक रुप से बोलने से बचते हैं, लेकिन निजी बातचीत में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई को कमजोर करने में पुराने सिस्टम की खामियां बताने में नहीं चुकते हैं।पुलवामा जिले के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में पुराने और नए सिस्टम का अंतर बताते हुए कहा कि 2019 के पहले जब भी किसी आतंकी संगठन के ओवरग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) को पकड़ते थे, तो उनके पास स्थानीय, जिले स्तर के कई राजनीतिक, सामाजिक और धार्मिक संगठनों से जुड़े नेताओं के फोन आने शुरू हो जाते थे।

आतंकियों को खुलेआम महिमामंडित किया किया जाता था और प्रशासन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर पाता था। लेकिन 2019 में अनुच्छेद 370

के खत्म होने के बाद स्थिति बिलकुल बदल गई है। अब ओजीडब्ल्यू की गिरफ्तारी के बाद कोई फोन नहीं आता है। आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई में स्थानीय प्रशासन को मिली टूट के कारण आतंकवाद के पूरे इको सिस्टम को तोड़ने में मदद मिली है।

अनंतनाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार बात सिर्फ आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई में मिली खुली छूट का नहीं है, सरकारी योजनाओं को लागू करने में पारदर्शिता और निचले स्तर पर तेज गति से विकास कार्यों ने आम जनता में प्रशासन का भरोसा बढ़ा है। बैक टू विलेज जैसे प्रोग्राम से गांव जैसे सबसे निचली इकाई तक विकास योजनाओं की डिलिवरी सुनिश्चित हुई है। पंचायत से लेकर राज्य स्तर तक अत्याधुनिक खेल सुविधाओं का विकास युवाओं की ऊर्जा को नई दिशा देने का काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि पिछले दो सालों में कश्मीर की जनता के जीवन के हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव को देखा जा सकता है।वैसे अधिकारी स्वीकार करते हैं कि लोकतंत्र में चुनाव को लंबे समय तक टाला नहीं जा सकता है और जम्मू-कश्मीर में इसे जल्द कराना होगा। लेकिन उन्हें डर है कि विधानसभा चुनाव और नई सरकार आने के बाद कहीं राजनीतिक दखलअंदाजी फिर से नहीं बढ़ जाए। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कम-से-कम एक साल चुनाव नहीं होने की स्थिति में आतंकवाद के खिलाफ बनाई गई बढ़त को स्थायी करने का मौका मिल जाएगा।

चक्रवात मंडूस का कहर, तमिलनाडु में 5 लोगों की मौत, 10,000 ने ली शेल्टर होम में शरण

चेन्नई ,एजेंसी। चक्रवात मंडूस के जमीन से टकराने के बाद तमिलनाडु के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और 10,000 लोग आश्रय गृहों में हैं। तमिलनाडु के राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि, चक्रवात श्मंडूस के बाद हुई बारिश में करीब 300 घर क्षतिग्रस्त हो गए और चेन्नई और इसके उपनगरों में 169 आश्रय स्थल बनाए गए हैं। तमिलनाडु के कांचीपुरम, चेंगलपट्टू और विल्लुपुरम जिलों में घोषित रेड अलर्ट रविवार को भी जारी रहा।तमिलनाडु सरकार चक्रवात से हुए भारी नुकसान को देखते हुए सोमवार को भी कलेजों सहित स्कूलों और अन्य शैक्षणिक संस्थानों के लिए अवकाश घोषित कर सकती है।

चक्रवात के दौरान 500 से अधिक पेड़ उखड़ गए और ग्रेटर चेन्नई निगम के अधिकारियों ने रविवार सुबह तक उन्हें हटा दिया। पेंथियन रोड, चेन्नई पर हिंदुस्तान पेट्रोलियम आउटलेट पर एक विशाल बरगद का पेड़ गिरने के बाद क्षतिग्रस्त हो गया। हालांकि कर्मचारी सुरक्षित हैं। उनके जाने के बाद बरगद का पेड़ गिरा। चक्रवात के दौरान उखड़े पेड़ों को हटाने में ग्रेटर चेन्नई पुलिस भी शामिल है।इस बीच, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके.स्टालिन ने मीडियाकर्मियों से कहा कि, चक्रवात श्मंडूस के लिए उचित तैयारी और योजना के कारण संबंधित विभाग हरकत में आ गए हैं।

लखीमपुर खीरी कांड : मुख्य गवाह और उसके भाई पर जानलेवा हमला, केंद्रीय मंत्री के करीबियों पर शक

लखीमपुर खीरी ,एजेंसी। यूपी के चर्चित लखीमपुर खीरी हिंसा मामले में मुख्य गवाह प्रभजोत सिंह और उसके छोटे भाई सर्वजीत सिंह पर बीती रात तलवार से हमला किया गया। हमले में सर्वजीत के सिर पर गंभीर घाव हुआ है, वहीं प्रभजोत सिंह इस हमले में बाल-बाल बच गए। हमले का आरोप आशीष मिश्रा उर्फ मोनू और उनके करीबियों पर है।

हमले को लेकर प्रभजोत सिंह ने कहा कि वह अपने भाई सर्वजीत के साथ तिकुनिया में मुंडन कार्यक्रम में गए हुए थे, तभी मौके पर घात लगाए बैठे तीन लोगों ने पीटे से तलवार से हमला किया। इस हमले में सर्वजीत सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया है। उसके सिर में कई टांके आए हैं।प्रभजोत सिंह का दावा है कि हमला लखीमपुर खीरी कांड के मुख्य आरोपी केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा के करीबियों ने किया है। प्रभजोत ने हमले की शिकायत तिकुनिया थाने में की है।

9 नाबालिग, 1 शिशु को आरपीएफ ने छुड़ाया

गुवाहाटी ,एजेंसी। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने इस सप्ताह एनएफआर के तहत विभिन्न स्टेशनों से नौ नाबालिगों और एक शिशु को सफलतापूर्वक बचाया, अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एनएफआर के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, सब्यसाची डे ने बताया कि एनएफआर में मंगलवार से गुरुवार तक कई अभियान चलाए और जांच की गई, जहां 10 लोगों को बचाया गया। बाद में उन्हें उनकी सुरक्षित हिरासत और आगे की कार्रवाई के लिए संबंधित चाइल्डलाइन एनजीओ को सौंप दिया गया।

मंगलवार को गुवाहाटी के आरपीएफ ने सेंटर फर डेवलपमेंट इनिशिएटिव, गुवाहाटी के साथ मिलकर गुवाहाटी रेलवे स्टेशन पर चेकिंग की। चेकिंग के दौरान उन्होंने दो भागे हुए नाबालिग लड़कों को टुड़ाया। कटिहार रेलवे स्टेशन पर उसी दिन चलाए गए अभियान में कटिहार के आरपीएफ ने तीन भगोड़े नाबालिग लड़कों को टुड़ाया। बचाए गए सभी नाबालिगों को सुरक्षित हिरासत और मानदंडों के अनुसार आगे की कार्रवाई के लिए क्रमशरू गुवाहाटी और कटिहार में रेलवे चाइल्डलाइन को सौंप दिया गया।

इस बीच, बुधवार को एक अन्य घटना में, डिब्रूगढ़ की आरपीएफ एस्कर्ट पार्टी ने अवध असम एक्सप्रेस में एक नियमित जांच की, जहां उन्होंने माता-पिता या अभिभावक के बिना लगभग तीन महीने की उम्र के एक शिशु को बचाया। बाद में, शिशु को आरपीएफ और सरकारी रेलवे पुलिस और डिब्रूगढ़ में चाइल्डलाइन के एक प्रतिनिधि के संरक्षण में डिब्रूगढ़ के असम मेडिकल कलेज और अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया।

डे ने कहा कि गुरुवार को हुई एक घटना में रंगपानी के आरपीएफ कर्मचारियों ने मालदा टाउन-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस की चतरहाट स्टेशन पर चेकिंग के दौरान एक भागे हुए नाबालिग लड़के और लड़की को पकड़ा। बाद में, पकड़े गए नाबालिगों को सुरक्षित हिरासत और आगे की कार्रवाई के लिए न्यू जलपाईगुड़ी में रेलवे चाइल्डलाइन को सौंप दिया गया।

भारत ने निभाई दोस्ती, रूसी तेल पर जी7 देशों के फैसले का नहीं किया समर्थन

नई दिल्ली ,एजेंसी। रूस ने जी-7 देशों और उनके सहयोगियों के रूसी तेल पर प्राइस कैप लगाने का समर्थन नहीं करने के भारत के फैसले का स्वागत किया है। रूसी उप-प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर नोवाक ने रूस में भारतीय राजदूत पवन कपूर के साथ अपनी बैठक के दौरान बयान दिया। रूस के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उप-प्रधानमंत्री ने रूसी तेल पर प्राइस कैप लगाने का समर्थन नहीं करने के भारत के फैसले का स्वागत किया, जिसकी घोषणा पांच दिसंबर को जी7 देशों और उनके सहयोगियों द्वारा की गई थी। इससे पहले सितंबर में जी-7 देशों ने रूस से तेल आयात पर प्राइस कैप लगाने पर सहमति जताई थी।बयान के मुताबिक, नोवाक ने कहा कि रूस ऊर्जा संसाधनों की आपूर्ति के लिए अपने दायित्वों को पूरी जिम्मेदारी से निभा रहा है और ऊर्जा संकट के बीच पूर्व-दक्षिण के देशों को ऊर्जा निर्यात कर रहा है। रूसी विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि साल 2022 के पहले आठ महीनों में भारत को रूसी तेल आयात बढ़कर 1635 मिलियन टन पहुंच गया।

जजों की नियुक्ति पर संसदीय समिति ने सरकार और कोलेजियम को दिखाया आईना

लीक से हटकर विचार करने का किया आग्रह

नई दिल्ली,एजेंसी। जजों की नियुक्ति को लेकर सरकार और सुप्रीम कोर्ट के कोलेजियम के बीच टकराव पर एक संसदीय समिति ने इस स्थिति को खेदपूर्ण बताया है। संसदीय समिति ने कार्यपालिका और न्यायपालिका से हाई कोर्टों में खाली पदों की चिरस्थाई समस्या पर लीक से हटकर विचार करने का आग्रह किया है। कानून और कार्मिक विभाग से संबंधित स्थाई समिति ने इस मुद्दे पर गुरुवार को अपनी एक रिपोर्ट संसद में पेश करते हुए कहा कि केंद्रीय कानून मंत्रालय के न्याय विभाग का इस पर कोई समझौता नहीं है कि उच्च न्यायपालिका में जजों के खाली पदों की जानकारी देने का कोई निश्चित समय है।

मालूम हो कि जजों की नियुक्ति के लिए सेकेंड जज मामले और ज्ञापन प्रक्रिया में समयसीमा निर्धारित की गई है। लेकिन समिति ने खेद जताते हुए कहा कि न्यायपालिका और कार्यपालिका दोनों ही इस समयसीमा का पालन नहीं कर रहे हैं। इससे रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया में देरी हो रही है।

रिपोर्ट के अनुसार, सरकार से 31 दिसंबर, 2021 तक के मिले आंकड़े के अनुसार तेलंगाना, पटना और दिल्ली के तीन हाई कोर्टों में 50 प्रतिशत से अधिक पद रिक्त थे। जबकि दस हाई कोर्टों में 40 फीसद सीटें खाली थीं। संसदीय समिति के अध्यक्ष और भाजपा के वरिष्ठ नेता सुशील कुमार मोदी ने पाया कि यह सभी बड़े राज्य हैं जहां जजों की तादाद जनसंख्या के अनुपात में पहले ही काफी कम है। इस तरह से पदों का खाली पड़े रहना

घोर चिंता का विषय है। संसदीय समिति ने यह भी कहा कि यह देखकर आश्चर्य होता है कि सुप्रीम कोर्ट और सरकार ज्ञापन प्रक्रिया में संशोधन के लिए सहमत होने में विफल रहे हैं। हालांकि यह दोनों ही पिछले सात सालों से इस मुद्दे पर विचार कर रहे हैं। समिति अब सरकार और न्यायपालिका से यह उम्मीद करती है कि वह संशोधित ज्ञापन प्रक्रिया को शीघ्र जारी करेंगे जो अधिक प्रभावी और पारदर्शी होगी।

मालूम हो कि देश में 25 हाई कोर्ट हैं। पांच दिसंबर तक हाई कोर्ट में जरूरी 1,108 जजों के बदले केवल 778 जज ही काम कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक विगत 25 नवंबर को सरकार ने सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम से हाई कोर्ट में नियुक्त किए जाने वाले जजों के संबंध में बीस फाइलों पर पुनर्विचार करने को कहा था। इन बीस मामलों में से 11 एकदम नए थे जबकि नौ वह मामले थे जिन्हें सुप्रीम कोर्ट कोलेजियम ने दोबारा लौटाया था। केंद्र सरकार ने विभिन्न हाई कोर्टों के सभी नए नामों पर अपनी आपत्ति दर्ज करते हुए लौटा दिया है।

देश को शर्टकट राजनीति नहीं, सतत विकास की जरूरतः मोदी

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को महाराष्ट्र के नागपुर में 75 हजार करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इस मौके पर उन्होंने कहा, आज जिन परियोजनाओं का उद्घाटन हुआ है, वे महाराष्ट्र के विकास को नई दिशा देंगी। ये परियोजनाएं राज्य में बुनियादी ढांचे की समग्र दृष्टि प्रदान करती हैं। यह सबूत है कि महाराष्ट्र और केंद्र में डबल इंजन की सरकार कितनी तेजी से काम कर रही है।

पीएम मोदी ने कहा, समृद्धि महामार्ग से मुंबई और नागपुर के बीच की दूरी तो कम होगी ही, साथ ही ये महाराष्ट्र के 24 जिलों को आधुनिक कनेक्टिविटी से जोड़ रहा है। आज देश में पहली बार ऐसी सरकार बनी है, जिसने इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स को ह्यूमन

टच दिया है। सरकार का ध्यान एक समग्र दृष्टि और दृष्टिकोण के साथ बुनियादी ढांचे के विकास पर है। राज्यों की प्रगति इस श्अमृत कालश में राष्ट्र के विकास को शक्ति देगी।

पीएम मोदी ने आगे कहा, बीते 8 वर्षों में हमने सोच और अप्रोच दोनों बदली है। हम श्सबका साथ, सबका विश्वास और सबका प्रयास, पर बल दे रहे हैं। मैं जब श्सबका प्रयासश कहता हूं तो इसमें हर देशवासी और राज्य शामिल है। छोटा-बड़ा सबका सामर्थ्य बढ़ेगा तब भारत विकसित बनेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा, हम पहली औद्योगिक क्रांति का लाभ नहीं उठा पाए, दूसरी-तीसरी औद्यौगिक क्रांति में पीटे रहे, लेकिन आज जब चौथी औद्योगिक क्रांति का समय है, तो भारत इसे गंवा नहीं सकता। उन्होंने कहा कि शर्ट-कट से कोई देश चल नहीं सकता, देश की प्रगति के लिए स्थाई विकास, स्थाई समाधान के लिए काम करना, एक लन्ग टर्म विजन बहुत जरूरी है।

पीएम मोदी ने कहा कि देश को सतत विकास की जरूरत है न कि शर्टकट राजनीति की। उन्होंने कुछ राजनीतिक दलों पर देश की अर्थव्यवस्था को नष्ट करने की कोशिश करने का आरोप लगाया। प्रधानमंत्री ने कहा, श्मैं आज भारत के हर युवा से आग्रह करूंगा, हर टैक्स पेयर से आग्रह करूंगा, ऐसे स्वार्थी राजनीतिक दलों और स्वार्थी राजनीतिक नेताओं का खुलासा कीजिए, जो आमदनी अठन्नी और खर्चा रुपैया वाली कुनीति लेकर चल रहे हैं। वे इस देश को भीतर से खोखला कर देंगे।

पिहानी में भीषण सड़क हादसा,3 लोगों की हुई मौत

हरदोई ,एजेंसी। हरदोई के पिहानी इलाके में अज्ञात वाहन की टक्कर से तीन लोगों की मौत हो गई। बाइक सवारों की दर्दनाक मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है। तीनों राजमिस्त्री का कार्य करने के लिए जहानी खेड़ा गए थे और वापस आते वक्त पंडरवा के पास हादसे में तीनो की दर्दनाक मौत हो गई।तीनों एक ही गांव के रहने वाले है। पिहानी थाना क्षेत्र के रायपुर निवासी तीनो युवक राजमिस्त्री का कार्य करते थे। वह घर से जहानीखेड़ा जाने की बात कहकर काम करने चले गए। काम पूरा कर सुबह तीनो बाइक से घर वापस आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों की दर्दनाक मौत हो गई। पिहानी के पंडरवा पास हुई तीनो की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया है।

शिक्षक भर्ती घोटाला : माणिक भट्टाचार्य के विरोधी भाई के बयान से ईडी को मिले महत्वपूर्ण सुराग

कोलकाता ,एजेंसी। पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के शिक्षक भर्ती घोटाले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों को तृणमूल कांग्रेस के विधायक और पश्चिम बंगाल स्कूल सेवा आयोग (डब्ल्यूबीएसएससी) के पूर्व अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य के भाई के बयानों से कई सुराग मिले हैं। जिसका उपयोग केंद्रीय अपने मामले को मजबूत बनाने के लिए कर रही है।

ईडी के सूत्रों ने कहा कि हाल ही में उनके अधिकारियों ने पूछताछ के दौरान उनके भाई और उसकी पत्नी से कुछ बैंक खातों के संबंध में कथित रूप से घोटाले की कार्यवाही को डायवर्ट करने के लिए इस्तेमाल किए जाने के संबंध में पूछताछ की। उन्होंने इस मामले में घसीटने के लिए गुमराह करने का आरोप लगाया है। हालांकि भट्टाचार्य के दो भाई हैं, लेकिन आगे की जांच के लिए ईडी के अधिकारी उस व्यक्ति का नाम लेने से बचते रहे जिससे उन्होंने उनकी पत्नी के साथ पूछताछ की थी। ईडी ने कहा कि हमारे अधिकारियों ने सबसे पहले उस भाई की पत्नी से पब्लिक सेक्टर के बैंक में छह बैंक खातों के बारे में पूछताछ की जिनमें करोड़ों रुपये जमा किए गए थे और 2020 में एक विशिष्ट अवधि के भीतर निकाले गए थे।ईडी के एक अधिकारी ने कहा, महिला हैरान थी और उसने दावा किया कि उसे इन बैंक खातों के बारे में कोई जानकारी नहीं थी, शायद ये खाते उसके जाली हस्ताक्षर से खोले गए थे।

सुखविंदर सुक्खू को पीएम मोदी ने दी बधाई, कहा-केंद्र से मिलेगा सहयोग

नई दिल्ली ,एजेंसी। हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी के सुखविंदर सिंह सुक्खू ने आज मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है।

शपथ लेने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुखविंदर को मुख्यमंत्री बनने की बधाई दी है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट कर कहा कि, सुखविंदर सिंह सुक्खू को हिमाचल प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने और शपथ लेने पर बहुत बधाई। मैं हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए केंद्र की तरफ से हर संभव सहयोग का आश्वासन देता हूं।

बता दें कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस पार्टी द्वारा जीत हासिल करने के बाद मुख्यमंत्री पद को लेकर घमासान मचा हुआ था। हालांकि बीती देर शाम ये घमासान तब शांत हुआ जब आलाकमान की तरफ से मुख्यमंत्री पद के लिए सुखविंदर सिंह सुक्खू के नाम पर मुहर लग गई।

मुख्यमंत्री बनने के बाद आया सुखविंदर सिंह सुक्खू का पहला बयान

नई दिल्ली ,एजेंसी। हिमाचल प्रदेश के नए मुख्यमंत्री के तौर पर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने शपथ ले ली है। वो राज्य 15वें मुख्यमंत्री बने है। वहीं मुकेश अग्निहोत्री ने राज्य के उपमुख्यमंत्री के तौर पर शपथ ली है। एजेंसी को हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने के बाद पहली बार सुक्खू का बयान भी आया है।

उन्होंने शपथ लेने के बाद कहा कि हमने चुनाव से पहले 10 गारंटियां दी थी। हम उन गारंटियों को लागू करेंगे। कैबिनेट के विस्तार के बाद बैठक में फैसला होगा कि पहले किस योजना पर काम करना है। हम राज्य में पारदर्शी और ईमानदार सरकार देंगे।

उन्होंने कहा कि हमारा सबसे अहम मुद्दा ओपीएस यानी पुरानी पेंशन स्कीम का रहा है। हम पहली कैबिनेट की बैठक में इस मुद्दे को लागू करेंगे। चुनाव से पहले जितने वादे पार्टी ने किए थे उन सभी को पूरा किया जाएगा। बता दें कि रविवार को सुक्खू के साथ पूर्व नेता प्रतिपक्ष मुकेश अग्निहोत्री ने भी हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली है।

सुक्खू को पार्टी के दिग्गज नेता वीरभद्र सिंह का आलोचक माना जाता था जिन्होंने पांच दशक से अधिक समय तक हिमाचल प्रदेश की राजनीति पर अपना दबदबा कायम रखा था। सिंह का पिछले साल निधन हो गया था। वीरभद्र सिंह की करिश्माई मौजूद्गी के बिना इस राज्य में पार्टी की पहली जीत के साथ, सुक्खू को इस शीर्ष पद पर विराजमान करना यह स्पष्ट करता है कि पार्टी आगे बढने के लिए तैयार है।

सुक्खू एक सामान्य परिवार से संबंध रखते हैं। उनके पिता सड़क परिवहन निगम में चालक के पद पर कार्यरत थे। सुक्खू अपने शुरुआती दिनों में छोटा शिमला में दूध का काम किया करते थे। छह बार मुख्यमंत्री रहे वीरभद्र सिंह के साथ अकसर टकराव होने के बावजूद सुक्खू 2013 से 2019 तक रिकर्ड छह साल तक पार्टी की राज्य इकाई के अध्यक्ष बने रहे। हाल में संपन्न विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से सत्ता छीनने के बाद सुक्खू और प्रतिभा सिंह दोनों ने मुख्यमंत्री पद के लिए दावा पेश किया था।

सुक्खू शीर्ष पद पर काबिज होने वाले निचले हिमाचल के पहले कांग्रेसी नेता हैं। भाजपा के प्रेम कुमार धूमल के बाद वह हमीरपुर जिले से दूसरे मुख्यमंत्री हैं। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के करीबी माने जाने वाले और कांग्रेस प्रचार समिति के प्रमुख रहे नादौन सीट से विधायक सुक्खू को शनिवार को सर्वसम्मति से कांग्रेस विधायक दल का नेता चुना गया था। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि पार्टी आलाकमान का सुक्खू पर विश्वास तभी जाहिर हो गया था जब उन्हें कांग्रेस चुनाव प्रचार समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया था और बड़ी संख्या में उनके समर्थकों को पार्टी का टिकट मिला था। उन्होंने कहा कि प्रदेश कांग्रेस प्रमुख के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने संगठन को मजबूत किया ।

जर्मनी और बेल्जियम की जर्सी की कीमतें हुयी धड़ाम

दोहा , फीफा विश्व कप 2022 में खराब प्रदर्शन के बाद जर्मनी और बेल्जियम की जर्सी की कीमतों में भारी गिरावट आई है।

विश्वकप केवल 32 टीमों के लिये रोमांचक जंग का गवाह ही नहीं बना बल्कि जर्सी प्रायोजकों के लिए इस आयोजन ने एक महत्वपूर्ण बाजार की शक्ल भी अख्तियार की है। कुछ टीमे जो अभी कतर में है, उनकी जर्सी हाथों हाथ बिक चुकी हैं लेकिन दूसरी ओर कुछ ऐसी भी टीम हैं जो यहां से अपना अभियान समाप्त कर रवाना हो चुकी हैं मगर उनकी किट को अब यहां कोई नहीं पूछ रहा है।दोहा के एक शापिंग माल में चर्टर फाइनल में जगह बनाने में सफल इंग्लैंड, अर्जेंटीना और पुर्तगाल की जर्सी की सबसे अधिक मांग है मगर प्रशंसकों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने वाले जर्मनी और बेल्जियम की जर्सी भारी डिस्काउंट के साथ बाजार में उपलब्ध है मगर उनका खरीददार नहीं मिल रहा है।ग्रुप चरण में मुकाबले से बाहर होने वाली जर्मनी की प्रमाणिक जर्सी की कीमते में खासी गिरावट आयी है। करीब 670 कतरी रियाल यानी 184 अमेरिकी डालर की कीमत वाली जर्सी औंधे मुंह गिर कर अब 329 कतरी रियाल यानी 90.3 डालर में बिक रही है। यही हाल बेल्जियम की जर्सी का है जिसकी कीमत 430 कतरी रियाल से घट कर आधी रह गयी है। इसके अलावा, स्पेन और जापान की जर्सी की कीमतें भी धड़ाम हुयी हैं।माल में मौजूद एक ग्राहक ने कहा कि उसकी टीमों की जर्सी खरीदने में अब कोई दिलचस्पी नहीं है हालांकि कम कीमत में मिल रही जर्सी संग्रह के लिए अच्छी है। एक सेल्समैन ने कहा, हमने प्रशंसकों के लिए बड़ी संख्या में पसंदीदा जर्सी तैयार की हैं, लेकिन अब इन जर्सियों की बिक्री चुनौती बन चुकी है और इसलिये हम छूट दे रहे हैं।

क्रोएशिया ने ब्राज़ील को विश्व कप से बाहर किया

अल रैयान ,क्रोएशिया ने फीफा विश्व कप 2022 के रोमांचक चर्टरफाइनल में पांच बार की चैंपियन ब्राज़ील को पेनल्टी शूटआउट में 4–2 (1–1) से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनायी। एजुकेशन सिटी स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में आधिकारिक समय तक कोई टीम गोल नहीं कर सकी, जिसके बाद मैच अतिरिक्त समय में चला गया। नेमार (105+1वां मिनट) ने अतिरिक्त समय का पहला गोल करके ब्राज़ील को बढ़त दिला दी, लेकिन ब्रूनो पेटकोविच 116वें मिनट में बॉल को नेट में पहुंचाकर क्रोएशिया को मैच में वापस ले आये।

पेनल्टी शूटआउट में निकोला व्लासिच, लोवरो मेजर, लुका मोड्रिच और मिस्लव ओर्सिच ने क्रोएशिया के लिये गोल किये, जबकि ब्राज़ील की ओर से कासेमीरो और पेड्रो ही गोल कर सके।

क्रोएशिया के गोलकीपर डॉमिनिक लिवाकोविच ने शूटआउट में ब्राज़ील के दो प्रयास असफल किये।

पहले टी20 में आस्ट्रेलिया ने भारत को नौ विकेट से हराया

मुबंई ,ताहिला मैकग्राथ (40) और बेथ मूनी (89) के बीच शतकीय साझेदारी की मदद से आस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में भारत के खिलाफ नौ विकेट से आसान जीत दर्ज की।

डा डीवाई पाटिल स्पोर्टस अकादमी मैदान पर भारत ने पहले खेलते हुये निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट पर 172 रन बनाये जिसके जवाब में आस्ट्रेलिया ने विजय लक्ष्य 18.1 ओवर में हासिल कर लिया।

भारत के साधारण गेंदबाजी आक्रमण ने आस्ट्रेलिया की बल्लेबाजों को तनिक भी परेशान नहीं किया। मूनी ने अपनी अर्धशतकीय पारी में 156 के स्ट्राइक रेट से 16 चौके लगाये जबकि दूसरे छोर पर मैकग्राथ ने 29 गेंदों में चार चौके और एक छक्का जमा कर जीत को और आसान कर दिया। आस्ट्रेलिया का एकमात्र विकेट देविका वैद्य को मिला।

इससे पहले भारत की ओर से शैफाली वर्मा ने आक्रामक ढंग से पारी की शुरूआत की और मात्र दस गेंदों की पारी में दो चौके और दो छक्के की सहायता से 21 रन ठोक दिये। हालांकि नियमति अंतराल में विकेट गिरने से भारत की रन गति तेज रफ्तार नहीं पकड़ सकी और एक समय भारत के पांच विकेट 132 रन पर गिर चुके थे मगर आखिरी 19 गेंदों पर देविका वैद्य (25 नाबाद) और दीप्ति शर्मा (36 नाबाद) की जोड़ी ने 40 रन जोड़ कर लक्ष्य को चुनौती पूर्ण बनाने की भरसक कोशिश की।

24 साल के इशान ने अपने 10वें मैच में बना डाले ये 10 रिकॉर्ड

नई दिल्ली, इशान किशन के शब्दों में कहें तो 10 दिसंबर का दिन, उनके लिए वह खास पल है जिसे वह जिंदभी पर नहीं भूल पाएंगे। वह दिन जिसे बयां करने के लिए उनके पास शब्द नहीं हैं। एक ऐसी पारी जो हमेशा उनके दिलों में एक याद बनकर रह जाएगी और हो भी क्यों न पारी ही ऐसी थी। 24 साल के इशान का यह केवल 10वां वनडे मैच था, लेकिन कहते हैं पूत के पांव पालने में ही दिखने लगते हैं। यूं तो उन्होंने इस पारी से कई बड़े रिकॉर्ड धाराशायी कर दिए, लेकिन आइए नजर डालते हैं, इशान द्वारा 10वें मैच में बनाए गए 10 खास रिकॉर्ड पर, जिसे न तो इशान और न ही कोई क्रिकेट फैंस भूल पाएंगे। इशान किशन ने अपने पहले शतक को दोहरे शतक में बदलकर इतिहास रच दिया। इससे पहले ये कारनामा किसी भी बल्लेबाज ने नहीं किया था।

घर से बाहर दोहरा शतक लगाने वाले वह पहले भारतीय बल्लेबाज हैं। इससे पहले रोहित शर्मा, सचिन तेंदुलकर और वीरेंद्र सहवाग ने भारत में ही दोहरा शतक लगाया था। बांग्लादेश की धरती पर दोहरा शतक लगाने वह पहले बल्लेबाज हैं। इससे पहले बांग्लादेश के खिलाफ मीरपुर में 2011 में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज शेन वॉटसन ने 185 रन की नाबाद पारी खेली थी। इशान दोहरा शतक लगाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज हैं। उन्होंने 24 साल और 145 दिन की आयु में यह कारनामा कर रोहित को पीछे छोड़ दिया। रोहित ने जब दोहरा शतक लगाया था, तब वह 26 साल 186 दिन के थे।

इशान सबसे तेज दोहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने 126 गेंद पर 24 चौके और 10 छक्के की मदद से यह रन बनाए। उन्होंने क्रिस गेल को पीछे छोड़ा, जिन्होंने 138 गेंद पर दोहरा शतक लगाया था।

इशान सबसे तेज 150 रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने केवल 103 गेंद पर 150 रन पूरे किए जबकि इससे पहले वीरेंद्र सहवाग के नाम यह रिकॉर्ड था। उन्होंने 112 गेंद पर 150 रन बनाए थे।

इशान दोहरा शतक लगाने वाले बाएं हाथ के पहले बल्लेबाज हैं, इससे पहले यह कारनामा केवल दाएं हाथ के भारतीय बल्लेबाज के नाम था।

200 से ज्यादा की साझेदारी में इशान किशन ने सर्वाधिक रन का योगदान दिया। उन्होंने कोहली के साथ 290 रन की साझेदारी में 68.6 प्रतिशत रन का योगदान दिया जो किसी भी बल्लेबाज द्वारा सर्वाधिक योगदान है।

इशान सर्वाधिक स्ट्राइक रेट से दोहरा शतक लगाने वाले बल्लेबाज बने। उन्होंने 160.30 के स्ट्राइक रेट से यह रन बनाए, जो बाकी बल्लेबाजों से बेहतर है।

इशान वर्ल्ड क्रिकेट के तीसरे बाएं हाथ के बल्लेबाज बने, जिन्होंने वनडे में दोहरा शतक लगाया है। इससे पहले पाकिस्तान के फखर जमां और वेस्टइंडीज के क्रिस गेल ने यह काम किया था। दोनों ने जिम्बाब्वे के खिलाफ ही यह पारी खेली थी।

विराट ने 5वें सालगिरह पर लिखा प्यार भरा संदेश, पत्नी अनुष्का ने दी प्रतिक्रिया

नई दिल्ली, 11 दिसंबर 2017, वह दिन जब भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली बॉलीवुड अभिनेत्री अनुष्का शर्मा के साथ विवाह बंधन में बंधे थे। यह उनकी शादी की 5वीं सालगिरह है और इस मौके पर विराट कोहली ने अपने प्यार के नाम एक प्यारा सा संदेश लिखा है। उन्होंने लिखा इस यात्रा के 5 साल हो गए हैं। मैं तुम्हें पाकर धन्य हूं और तुम्हें पूरे दिल से प्यार करता हूं। उनके इस पोस्ट पर उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा का भी रिप्लाई आया है। उन्होंने लिखा है कि भगवान का शुक्र है कि आपने 'पैबैक' पोस्ट नहीं किया। कोहली अक्सर अनुष्का से शादी करने के फैसले को अपने जीवन का सबसे बड़ा मोड़ बताते हैं। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू के दौरान कहा भी था कि "अनुष्का का मेरे जीवन में बहुत बड़ा प्रभाव रहा है। आखिरकार, आपके जीवन का प्रभाव आपके खेल पर भी पड़ता है। खेल जीवन का हिस्सा है। मैं सभी सही कारणों से पूरी तरह से बदला हुआ आदमी बन गया हूं। मैं सही तरीके से विकसित हुआ हूं।"

बांग्लादेश दौरे पर हैं विराट

फिलहाल विराट कोहली बांग्लादेश दौरे पर हैं और 10 दिसंबर को उन्होंने 3 साल बाद वनडे क्रिकेट में अपना 44वां शतक भी लगाया है। उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे मैच में 91 गेंद पर 113 रन की पारी खेली। यह उनके करियर का 72वां अंतरराष्ट्रीय शतक है और उन्होंने इस मामले में रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ दिया है।

अब उनसे केवल सचिन तेंदुलकर आगे हैं। विराट के पास इस संख्या को बढ़ाने के और चार मौके हैं। टीम इंडिया अब बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट मैच खेलेगी, जिसकी शुरुआत 14 दिसंबर से हो रही है।

फिल्मी गपशप

पुष्पा : द रूल की शूटिंग शुरू, 17 दिसंबर को आएगी पहली झलक

साउथ फिल्म पुष्पाः द राइज के बाद अब दर्शक फिल्म के दूसरे पार्ट पुष्पाः द रूल का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो तेलुगू सुपरस्टार अल्लू अर्जुन जल्द ही इसके दूसरे पार्ट की शूटिंग शुरू करने वाले हैं। रिपोर्ट्स में बताया गया है कि फिल्म के निर्देशक सुकुमार 12 दिसंबर से पुष्पाः द रूल पर फिर से काम शुरू कर देंगे।टीम ने पिछले महीने अल्लू अर्जुन के साथ कुछ सीन्स शूट किए थे, जिसकी कुछ झलकियां पुष्पाः द राइज के एक साल पूरे होने पर यानी 17 दिसंबर को सोशल मीडिया पर साझा की जाएंगी। वहीं फिल्म की रिलीज डेट की बात करें तो पुष्पा का दूसरा पार्ट साल 2024 में आएगा। कहा जा रहा है कि दूसरे पार्ट को पहले पार्ट से भी बेहतर बनाने के लिए निर्देशक पूरा समय लेना चाहते हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक, पुष्पाः द रूल के निर्देशक फिल्म में राम चरण का धमाकेदार कैमियो प्लान कर रहे हैं। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि निर्देशक फिल्म में राम की एंट्री अपनी पिछली फिल्म रंगास्थलम के किरदार चिट्टी बाबू के जरिए कराने की योजना बना रहे हैं। कहा जा रहा है कि बड़े पर्दे पर अल्लू और राम की जोड़ी के जरिए फिल्म निर्देशक अपना एक अलग यूनिवर्स रचने की कोशिश कर रहे हैं।रिपोर्ट्स के मुताबिक, पुष्पाः द रूल में अभिनेता सज्जाद डेलाफ्रूज की भी एंट्री होने वाली है। कहा जा रहा है कि वह इस फिल्म में विलेन बन अल्लू के साथ दो–दो हाथ करते नजर आएंगे। बता दें कि सज्जाद ने फिल्म टाइगर जिंदा है में उस्मान नाम के विलेन की भूमिका निभाई थी। अभिनेता नीरज पांडे की हिट वेब सीरीज स्पेशल ऑप्स और कार्तिक आर्यन अभिनीत फिल्म फ्रेडी में दिखाई दिए थे।रिपोर्ट के मुताबिक पुष्पाः द राइज ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर तकरीबन 267.55 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। फिल्म ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 350.1 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। अलग–अलग भाषा में हुई कमाई की बात करें तो पुष्पाः द राइज ने तेलुगू में 136.43 करोड़, हिंदी में 106.35 करोड़, तमिल में 15.74 करोड़ और मलयालम में 9.03 करोड़ का कलेक्शन किया था

गोविंदा नाम मेरा का डायलॉग प्रोमो जारी, मस्ती में दिखे विक्की कौशल

अभिनेता विक्की कौशल की फिल्म गोविंदा नाम मेरा 16 दिसंबर को सीधे डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज होगी। शशांक खैतान ने इस फिल्म का निर्देशन किया है, जबकि इसके निर्माण की जिम्मेदारी करण जौहर ने संभाली है। अब मेकर्स ने फिल्म का एक डायलॉग प्रोमो शेयर किया है, जिसमें विक्की मस्ती भरे अंदाज में दिखे हैं। इसमें विक्की के साथ–साथ फिल्म की मुख्य अभिनेत्रियां भूमि पेडने़कर और कियारा आडवाणी नजर आई हैं।

डिज्नी+ हॉटस्टार के आधिकारिक यूट्यूब हैंडल पर फिल्म का प्रोमो रिलीज किया गया है। गोविंदा का किरदार निभा रहे विक्की किसी मामले को लेकर कोर्ट में खड़े नजर आए। फिर अगले सीन में उनकी पत्नी की भूमिका निभा रहीं भूमि की एंट्री होती है।

आयुष शर्मा की फिल्म एएस04 में साउथ अभिनेता जगपति बाबू आएंगे नजर

दिग्गज तेलुगू स्टार जगपति बाबू बॉलीवुड अभिनेता आयुष शर्मा की आगामी फीचर फिल्म में शामिल हो गए हैं। एक बयान में, आयुष जगपति बाबू का स्वागत करते हैं, मैं भाषाओं में सिनेमा का एक उत्साही अनुयायी हूं और हमेशा जगपति बाबू सर के काम की प्रशंसा करता हूं। वह एक अविश्वसनीय अभिनेता हैं और न केवल दक्षिण बल्कि देश भर में भी उनके बहुत बड़े प्रशंसक हैं।

एएस04 के लिए आयुष शर्मा के साथ अपने सहयोग के बारे में बात करते हुए, जगपति बाबू ने कहा, एएस04 एक बहुत ही दिलचस्प फिल्म है, बेहद रोमांचक और ताजा धष्टिकोण द्वारा निर्देशित होने के बावजूद, यह मुख्य रूप से एक विशिष्ट भारतीय मसाला शैली के मौलिक गुणों द्वारा आयोजित की जाती है, मुझे बेहद खुशी है कि आयुष और एएस04 की टीम ने मुझसे संपर्क किया, और मुझे पता चला कि आयुष कलाकार का रत्न है, कड़ी मेहनत, समर्पण और ज्ञान जो वह टेबल पर लाता है वह वास्तव में उल्लेखनीय है और मैं वास्तव में उनके साथ काम करने के हर पल का लुत्फ उठा रहे हैं।वर्तमान में मुंबई में फिल्माया जा रहा है, एएस04 अगले साल स्क्रीन पर आएगा। श्री सत्य साईं आर्ट्स के बैनर तले केके राधामोहन द्वारा निर्मित, अभी तक अनटाइटल्ड एक्शन एंटरटेनर एएस04 में आयुष शर्मा मुख्य भूमिका में हैं,

'रेड' में अपनी त्रिपक्षीय भूमिका के बारे में स्पष्ट हैं पायल घोष

'साथ निभाना साथिया' की अभिनेत्री पायल घोष ने अपनी आगामी फिल्म 'रेड' के बारे में बात की, जिसमें कृष्णा अभिषेक भी हैं। उन्होंने कहा, 'रेड' एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है और मैं भूमिका के 3 रंग निभाती हूंः एक कॉलेज गर्ल, एक पत्नी और एक अनुरक्षक। यह वास्तव में मेरे लिए रोमांचक था। पायल ने आगे बताया कि उन्हें यह भूमिका कैसे मिली, निर्माता राजीव चौधरी ने मुझे फिल्म 'रेड' में एक भूमिका की पेशकश की और मैं वास्तव में अवाक रह गई।

अद्भुत पटकथा सुनने के बाद, मैं वास्तव में उत्सुक थी और भूमिका के लिए हां कहा। चूंकि मेरी भूमिका मेरे द्वारा की गई भूमिकाओं से थोड़ी अलग थी, इसने मुझे दिलचस्पी दी और बाकी निश्चित रूप से इतिहास है।कृष्णा के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, पायल ने खुलासा किया, उनके साथ काम करना बहुत प्यारा था क्योंकि वह बेहद चंचल, खुशमिजाज और सहयोगी सह–कलाकार हैं। हमारी पूरी यूनिट बहुत अच्छी थी और ऐसा कभी नहीं लगा कि मैं काम कर रही हूं। जिस तरह से फिल्म ने आकार लिया है उससे हम बहुत खुश हैं और यह बहुत ही आशाजनक लग रहा है। जिन लोगों ने पहला कट देखा है वे चकित हैं और मुझे बहुत सराहना मिल रही है। मुझे उम्मीद है कि दर्शक भी इसे पसंद करेंगे।

अजय देवगन के साथ सिंघम अगेन लेकर आ रहे रोहित शेट्टी, जल्द शुरू करेंगे शूटिंग

दृश्यम 2 से बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के बाद अजय देवगन एक और फिल्म लाने की तैयारियों में जुट गए हैं। अजय ने सिंघम के तीसरे पार्ट के लिए एक बार फिर रोहिट शेट्टी के साथ हाथ मिला लिया है। ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श द्वारा साझा की गई जानकारी के मुताबिक, इस फिल्म का नाम सिंघम अगेन होने वाला है। अजय सिंघम अगेन पर काम अपनी आगामी फिल्म भोला से फ्री होने के बाद शुरू करेंगे।तरण ने ट्वीट कर लिखा, अजय देवनग–रोहित शेट्टी रीयूनाइट हो रहे हैं....सबसे सक्सेसफुल कॉम्बिनेशन– अजय देवगन और रोहित शेट्टी– एक बार फिर से सिंघम अगेन के लिए साथ आ रहे हैं। अजय, भोला से फ्री होने के बाद इस पर काम करना शुरू करेंगे।सिंघम अगेन से पहले बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और फिल्म निर्देशक रोहित कई बार साथ काम कर चुके हैं। उन्होंने इस फ्रेंचाइजी की दो हिट फिल्में दी हैं। सिंघम और सिंघम रिटर्न्स दोनों ही फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर धमाल मचा दिया था। रोहित के निर्देशन में बनी दोनों ही फिल्मों में अजय ने पुलिस इंस्पेक्टर बाजीराव सिंघम की भूमिका निभाई थी। बता दें कि सिंघम, हरि गोपालकृष्णन के निर्देशन में बनी तमिल फिल्म सिंघम की हिंदी रीमेक थी।रिपोर्ट के मुताबिक, 22 जुलाई, 2011 को रिलीज हुई इस फ्रेंचाइजी की पहली फिल्म सिंघम ने बॉक्स ऑफिस पर कुल 100.30 करोड़ रुपये का कारोबार किया था। वहीं, तीन साल बाद यानी 15 अगस्त, 2014 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली इसकी दूसरी फिल्म सिंघम रिटर्न्स ने बॉक्स ऑफिस पर कुल 140.62 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। सिंघम में अजय के साथ काजल अग्रवाल तो सिंघम रिटर्न्स में करीना कपूर नजर आई थीं।अजय और रोहित ने पहली बार फिल्म जमीन में काम किया था। इसके बाद सिंघम से अलग गोलमाल फ्रेंचाइजी की फिल्में, ऑल द बेस्टः फन बिगिन्स, बोल बच्चन, सिम्बा और सूर्यवंशी में भी दोनों अपना कमाल दिखा चुके हैं।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com